# Chapter-4
# AP GP & HP

एक श्रेणी वह अनुक्रम है, जिसके पद किसी विशेष रूप में हों अर्थात् जिसके पद किसी निश्चित नियम के अन्तर्गत व्यवस्थित हों।

***उदाहरणार्थ*** : 1, 3, 5, 7, 9,........ एक श्रेणी है, जिसके पद $T_n = 2n - 1$ के अन्तर्गत व्यवस्थित किये गए हैं, जहाँ $T_n$ श्रेणी (Progression) के $n$ वें पद को व्यक्त करता है।

श्रेणी के मुख्यतः तीन प्रकार हैं : समान्तर श्रेणी, गुणोत्तर श्रेणी तथा हरात्मक श्रेणी।

किन्तु यहाँ श्रेणी के अध्ययन को पाँच भागों में बाँटा गया है

- समान्तर श्रेणी
- गुणोत्तर श्रेणी
- समान्तरीय -गुणोत्तर श्रेणी
- हरात्मक श्रेणी
- विविध श्रेणियाँ

## समान्तर श्रेणी

### परिभाषा (Definition)

संख्याओं का एक अनुक्रम $< t_n >$ समान्तर श्रेणी कहलाता है, जब अन्तर $t_n - t_{n-1}$ एक अचर राशि हो, $\forall n \in N$. यह अचर, समान्तर श्रेणी का सार्वान्तर कहलाता है, जिसे सामान्यतः $d$ से व्यक्त करते हैं।

यदि '$a$' प्रथम पद तथा '$d$' सार्वान्तर हो, तो समान्तर श्रेणी को निम्नांकित रूप में व्यक्त किया जा सकता है।

$a, a+d, a+2d, a+3d, ........$

***उदाहरणार्थ*** : 2, 7, 12, 17, 22, ...... एक समान्तर श्रेणी है, जिसका प्रथम पद 2 तथा सार्वान्तर 5 हैं।

एक अनुक्रम समान्तर श्रेणी है या नहीं, इसे ज्ञात करने की कार्य-विधि निम्नलिखित है,

**Step I:** $a_n$ (अनुक्रम का $n$ वाँ पद) ज्ञात करें।

**Step II:** $a_n$ में $n$ की जगह $n-1$ रखकर $a_{n-1}$ ज्ञात करें।

**Step III:** $a_n - a_{n-1}$ का मान ज्ञात करें।

यदि $a_n - a_{n-1}$, $n$ पर निर्भर नहीं करता है, तो अनुक्रम एक समान्तर श्रेणी होगा, अन्यथा नहीं। समान्तर श्रेणी एक रेखीय फलन है, जिसका प्रान्त (domain) प्राकृत संख्याओं का समुच्चय है।

$\therefore$ $t_n = A_n + B$, समांतर श्रेणी का $n$ वाँ पद प्रदर्शित करता है, जिसका सार्वान्तर $A$ है।

### समांतर श्रेणी का व्यापक पद (General term of an A.P.)

(1) माना किसी समान्तर श्रेणी का प्रथम पद '$a$' व सार्वान्तर '$d$' हैं, तो इसका $n$ वाँ पद $a+(n-1)d$ होगा अर्थात् $T_n = a+(n-1)d$ .

(2) **समान्तर श्रेणी का, अन्त से *n* वाँ पद :** माना $n$ पदों वाली समान्तर श्रेणी का प्रथम पद '$a$' व सार्वान्तर '$d$' हो, तो श्रेणी का अन्त से $p$ वाँ पद, प्रारम्भ से $(n-p+1)$ वाँ पद होगा अर्थात्,

अन्त से $p$ वाँ पद $= T_{(n-p+1)} = a+(n-p)d$ .

### समांतर श्रेणी के लिए पदों का चयन
### Selection of terms in an A.P.)

जब योगफल दिया गया हो, तो निम्न प्रकार से पदों का चयन करते हैं :

**सारणी 4 : 1**

| पदों की संख्या | चयनित पद |
|---|---|
| 3 | $a-d, a, a+d$ |
| 4 | $a-3d, a-d, a+d, a+3d$ |
| 5 | $a-2d, a-d, a, a+d, a+2d$ |

सामान्यतः, किसी समान्तर श्रेणी में यदि $(2r+1)$ पद (अर्थात् पदों की संख्या-विषम) लेना हो, तो निम्नांकित पदों का चयन करते हैं :

$a-rd, a-(r-1)d, ......., a-d, a, a+d, ......, a+(r-1)d, a+rd$

तथा $a-(2r-1)d, a-(2r-3)d, ......., a-d, a+d, ......., a+(2r-1)d$ , यदि $2r$ पद लेना हो।

यदि योगफल नहीं दिया गया है, तो निम्न प्रकार से पदों का चयन करते हैं :

**सारणी 4 : 2**

| पदों की संख्या | चयनित पद |
|---|---|
| 3 | $a, a+d, a+2d$ |
| 4 | $a, a+d, a+2d, a+3d$ |
| 5 | $a, a+d, a+2d, a+3d, a+4d$ |

### समान्तर श्रेणी के *n* पदों का योगफल

**(Sum of n terms of an A.P.)**

श्रेणी $a+(a+d)+(a+2d)+.......+\{a+(n-1)d\}$ के $n$ पदों का योगफल $S_n=\frac{n}{2}[2a+(n-1)d]$ और $S_n=\frac{n}{2}(a+l)$, जहाँ $l$ = अंतिम पद = $a+(n-1)d$ .

## समांतर माध्य (Arithmetic mean)

यदि $a, A, b$ समान्तर श्रेणी में हों, तो $A$ को $a$ व $b$ का समान्तर माध्य कहते हैं।

(1) यदि $a, A_1, A_2, A_3, ....., A_n, b$ समान्तर श्रेणी में हों, तो $a$ और $b$ के बीच $n$ समान्तर माध्य $A_1, A_2, A_3, ......, A_n$ होंगे।

(2) **समान्तर माध्य का समावेश**

(i) **$a$ व $b$ के बीच एक समान्तर माध्य** : यदि $a$ और $b$ दो वास्तविक संख्याएँ हैं, तो $a$ और $b$ के बीच समान्तर माध्य $=\frac{a+b}{2}$

(ii) **$a$ व $b$ के बीच $n$ समान्तर माध्य** . यदि $A_1, A_2, A_3, ......., A_n$ ; $a$ एवं $b$ के बीच $n$ समान्तर माध्य हैं, तो

$$A_1=a+d=a+\frac{b-a}{n+1},\ A_2=a+2d=a+2\frac{b-a}{n+1},$$

$$A_3=a+3d=a+3\frac{b-a}{n+1}, ......., A_n=a+nd=a+n\frac{b-a}{n+1}.$$

## समांतर श्रेणी के गुणधर्म (Properties of A.P.)

(1) यदि $a_1, a_2, a_3.....$ समान्तर श्रेणी में हैं, जिसका सार्वान्तर $d$ है, तो एक अशून्य स्थिर संख्या $k \in R$ के लिए,

(i) $a_1 \pm k, a_2 \pm k, a_3 \pm k,.....$ समान्तर श्रेणी में होंगे, जिसका सार्वान्तर $d$ होगा।

(ii) $ka_1, ka_2, ka_3....$ समान्तर श्रेणी में होंगे, जिसका सार्वान्तर = $kd$ होगा।

(iii) $\frac{a_1}{k}, \frac{a_2}{k}, \frac{a_3}{k}...$ समान्तर श्रेणी में होंगे, जिसका सार्वान्तर = $d/k$ होगा।

(2) किसी समान्तर श्रेणी में, प्रारम्भ तथा अन्त से समदूरस्थ पदों का योगफल एक नियतांक होता है, जो कि प्रथम तथा अन्तिम पदों के योगफल के बराबर होता है, अर्थात् $a_1+a_n=a_2+a_{n-1}=a_3+a_{n-2}=....$

(3) यदि किसी समान्तर श्रेणी में पदों की संख्या विषम है, तो पदों का योगफल, मध्य पद तथा पदों की संख्या के गुणनफल के बराबर होता है।

(4) यदि किसी समान्तर श्रेणी में पदों की संख्या सम है, तो मध्य के दो पदों का समान्तर माध्य, प्रथम तथा अन्तिम पद के समान्तर माध्य के बराबर होता है।

(5) यदि किसी समान्तर श्रेणी में पदों की सख्या विषम है, तो इसका मध्य पद, प्रथम तथा अन्तिम पद के समान्तर माध्य के बराबर होता है।

(6) यदि $a_1, a_2, ......a_n$ तथा $b_1, b_2, ......b_n$ दो समान्तर श्रेणियाँ हैं, तो $a_1 \pm b_1, a_2 \pm b_2, ......a_n \pm b_n$ भी समान्तर श्रेणी में होंगे, जिसका सार्वान्तर $d_1 \pm d_2$ होगा, जहाँ $d_1$ एवं $d_2$ दी गई समान्तर श्रेणियों के सार्वान्तर हैं।

(7) तीन संख्याएँ $a, b, c$ समान्तर श्रेणी में होंगी, यदि और केवल यदि $2b=a+c$ .

(8) यदि $T_n, T_{n+1}$ तथा $T_{n+2}$ किसी समान्तर श्रेणी के तीन क्रमागत पद हैं, तो $2T_{n+1}=T_n+T_{n+2}$

(9) यदि किसी समान्तर श्रेणी से समान अन्तराल पर स्थित पद चुने जाएँ, तो वे समान्तर श्रेणी में होंगे।

# गुणोत्तर श्रेणी

## परिभाषा (Definition)

एक श्रेणी गुणोत्तर श्रेणी होगी, यदि इसके प्रत्येक पद तथा इससे पूर्ववर्ती पद का अनुपात सदैव नियत हो। यह नियत अनुपात सार्वानुपात कहलाता है, जिसे साधारणतः $r$ से व्यक्त करते हैं।

***उदाहरणार्थ*** : अनुक्रम 4, 12, 36, 108, ..... एक गुणोत्तर श्रेणी है, क्योंकि $\frac{12}{4}=\frac{36}{12}=\frac{108}{36}=.....=3$ , जो कि नियतांक है।

स्पष्ट रूप से, इस गुणोत्तर श्रेणी का प्रथम पद 4 तथा सार्वानुपात 3 है।

अनुक्रम $\frac{1}{3}, -\frac{1}{2}, \frac{3}{4}, -\frac{9}{8}, ....$ एक गुणोत्तर श्रेणी है, जिसका प्रथम पद $\frac{1}{3}$ तथा सार्वानुपात $\left(-\frac{1}{2}\right)\Big/\left(\frac{1}{3}\right)=-\frac{3}{2}$ है।

## गुणोत्तर श्रेणी का व्यापक पद (General term of a G.P.)

(1) हम जानते हैं, कि अनुक्रम $a, ar, ar^2, ar^3, .....ar^{n-1}$ एक गुणोत्तर श्रेणी है।

यहाँ प्रथम पद '$a$' तथा सार्वानुपात '$r$' है।

गुणोत्तर श्रेणी का व्यापक पद या $n$ वाँ पद $T_n=ar^{n-1}$ होगा, जहाँ $r=\frac{T_2}{T_1}=\frac{T_3}{T_2}=......$

(2) **किसी गुणोत्तर श्रेणी का अन्त से $p$ वाँ पद** : यदि किसी गुणोत्तर श्रेणी में '$n$' पद हैं, तो अन्त से $p$ वाँ पद = प्रारम्भ से $(n-p+1)$ वाँ पद $=ar^{n-p}$

तथा उस गुणोत्तर श्रेणी का अन्त से $p$ वाँ पद, जिसका अन्तिम पद $l$ तथा सार्वानुपात $r$ है, $l\left(\frac{1}{r}\right)^{p-1}$ होगा।

## गुणोत्तर श्रेणी में पदों का चयन (Selection of terms in a G.P.)

(1) यदि पदों का गुणनफल दिया गया हो, तो निम्नांकित विधि द्वारा पदों का चयन करते हैं

**सारणी 4 : 3**

| पदों की संख्या | चयनित पद |
|---|---|
| 3 | $\frac{a}{r}, a, ar$ |
| 4 | $\frac{a}{r^3}, \frac{a}{r}, ar, ar^3$ |
| 5 | $\frac{a}{r^2}, \frac{a}{r}, a, ar, ar^2$ |

(2) यदि गुणनफल नहीं दिया गया है, तो निम्नांकित विधि के द्वारा पदों का चयन करते हैं

**सारणी 4 : 4**

| पदों की संख्या | चयनित पद |
|---|---|
| 3 | $a, ar, ar^2$ |
| 4 | $a, ar, ar^2, ar^3$ |
| 5 | $a, ar, ar^2, ar^3, ar^4$ |

## गुणोत्तर श्रेणी के प्रथम '*n*' पदों का योगफल
**(Sum of first 'n' terms of a G.P.)**

यदि किसी गुणोत्तर श्रेणी का प्रथम पद $a$, सार्वानुपात $r$ हो, तो श्रेणी के प्रथम $n$ पदों का योगफल

$S_n = \frac{a(1-r^n)}{1-r}$, $S_n = \frac{a-lr}{1-r}$, जब $|r|<1$

$S_n = \frac{a(r^n-1)}{r-1}$, $S_n = \frac{lr-a}{r-1}$, जब $|r|>1$

$S_n = na$, जब $r=1$

## गुणोत्तर श्रेणी के अनन्त पदों का योगफल

**(Sum of infinite terms of a G.P.)**

(1) जब $|r|<1$, (या $-1<r<1$); $S_\infty = \frac{a}{1-r}$

(2) यदि $r \ge 1$, तो $S_\infty$ का अस्तित्व नहीं होगा।

## गुणोत्तर माध्य (Geometric mean)

यदि $a, G, b$ गुणोत्तर श्रेणी में हैं, तो $G$ को $a$ एवं $b$ का गुणोत्तर माध्य कहते हैं।

(1) यदि $a, G_1, G_2, G_3, ..... G_n, b$ गुणोत्तर श्रेणी में हैं, तो $G_1, G_2, G_3, .... G_n$ ; $a$ एवं $b$ के बीच $n$ गुणोत्तर माध्य कहलाते हैं।

(2) **गुणोत्तर माध्य स्थापित करना : (i) $a$ एवं $b$ के बीच एक गुणोत्तर माध्य:** यदि $a$ तथा $b$ दो वास्तविक संख्याएँ हैं, तो $a$ एवं $b$ के बीच एक गुणोत्तर माध्य $=\sqrt{ab}$ .

(ii) **$a$ एवं $b$ के बीच $n$ गुणोत्तर माध्य :** यदि $G_1, G_2, G_3, ......, G_n$; $a$ एवं $b$ के बीच $n$ गुणोत्तर माध्य हैं, तो

$$G_1 = ar = a\left(\frac{b}{a}\right)^{\frac{1}{n+1}}, \quad G_2 = ar^2 = a\left(\frac{b}{a}\right)^{\frac{2}{n+1}},$$

$$G_3 = ar^3 = a\left(\frac{b}{a}\right)^{\frac{3}{n+1}}, ..........., G_n = ar^n = a\left(\frac{b}{a}\right)^{\frac{n}{n+1}}$$

## गुणोत्तर श्रेणी के गुणधर्म (Properties of G.P.)

(1) यदि किसी गुणोत्तर श्रेणी के सभी पदों को किसी अशून्य नियतांक से गुणा किया जाए या भाग दिया जाए, तब परिणामी अनुक्रम भी एक गुणोत्तर श्रेणी होता है, जिसका सार्वानुपात वही होगा।

(2) किसी गुणोत्तर श्रेणी के पदों का व्युत्क्रम एक गुणोत्तर श्रेणी बनाता है, जिसका सार्वानुपात दी गई गुणोत्तर श्रेणी के सार्वानुपात का व्युत्क्रम होता है।

(3) यदि किसी सीमित गुणोत्तर श्रेणी (जिसका सार्वानुपात $r$ है) के प्रत्येक पद का समान घात ($k$) लिया जाए, तो प्राप्त अनुक्रम भी गुणोत्तर श्रेणी में होगा, जिसका सार्वानुपात $r^k$ होगा।

(4) किसी सीमित गुणोत्तर श्रेणी में, प्रारम्भ तथा अन्त से समान अन्तराल पर स्थित पदों का गुणनफल सदैव समान होता है और यह प्रथम तथा अन्तिम पद के गुणनफल के बराबर होता है।

अर्थात्, यदि $a_1, a_2, a_3, ...... a_n$ गुणोत्तर श्रेणी में हैं, तो $a_1 a_n = a_2 a_{n-1} = a_3 a_{n-2} = a_4 a_{n-3} = .......... = a_r . a_{n-r+1}$

(5) यदि किसी गुणोत्तर श्रेणी में से समान अन्तराल पर स्थित पदों का चयन किया जाए, तो इस प्रकार प्राप्त अनुक्रम गुणोत्तर श्रेणी में होगा।

(6) यदि $a_1, a_2, a_3, ....., a_n ......$ एक अशून्य अऋणात्मक पदों की गुणोत्तर श्रेणी है, तो $\log a_1, \log a_2, \log a_3, ..... \log a_n, ......$ एक समान्तर श्रेणी होगी तथा इसका विलोम भी सत्य है।

(7) तीन अशून्य संख्याएँ $a, b, c$ गुणोत्तर श्रेणी में होंगी, यदि और केवल यदि, $b^2 = ac$ .

(8) यदि $n$ पदों की किसी गुणोत्तर श्रेणी का प्रथम पद $a$ तथा अन्तिम पद $l$ है, तो सभी पदों का गुणनफल $(al)^{n/2}$ होगा।

(9) यदि किसी गुणोत्तर श्रेणी, जिसका सार्वानुपात $r$ है, में $n$ राशियाँ हैं, तथा $S_m$ प्रथम $m$ पदों के योगफल को व्यक्त करता है, तो प्रत्येक दो-दो पदों को एक साथ लेकर प्राप्त गुणनफलों का योगफल $\frac{r}{r+1} S_n S_{n-1}$ होगा।

(10) यदि $a^{x_1}, a^{x_2}, a^{x_3}, ...., a^{x_n}$ गुणोत्तर श्रेणी में हों, तो $x_1, x_2, x_3, ...., x_n$ समांतर श्रेणी में होंगे।

# हरात्मक माध्य

## परिभाषा (Definition)

एक श्रेणी हरात्मक श्रेणी (H.P.) कहलाती है, यदि इसके पदों के व्युत्क्रम समान्तर श्रेणी में हों।

**मानक रूप :** $\frac{1}{a} + \frac{1}{a+d} + \frac{1}{a+2d} + ....$

***उदाहरणार्थ*** : अनुक्रम $1, \frac{1}{3}, \frac{1}{5}, \frac{1}{7}, \frac{1}{9}, ....$ एक हरात्मक श्रेणी है, क्योंकि अनुक्रम 1, 3, 5, 7, 9, .....एक समान्तर श्रेणी है।

## हरात्मक श्रेणी का व्यापक पद (General term of an H.P.)

यदि हरात्मक श्रेणी $\frac{1}{a}, \frac{1}{a+d}, \frac{1}{a+2d}, ....$ है, तो संगत समान्तर श्रेणी $a, a+d, a+2d, .....$ होगी।

समान्तर श्रेणी का $n$ वाँ पद $= a+(n-1)d$

$\therefore$ हरात्मक श्रेणी का $n$ वाँ पद $= \frac{1}{a+(n-1)d}$

हरात्मक श्रेणी के प्रश्नों के हल के लिए, संगत समान्तर श्रेणी बनाना चाहिए।

$\therefore$ **व्यापक पद :** $T_n = \frac{1}{a+(n-1)d}$ या हरात्मक श्रेणी का व्यापक पद $= \frac{1}{\text{समान्तर श्रेणी का व्यापक पद}}$

## हरात्मक माध्य (Harmonic mean)

यदि तीन या अधिक संख्याएँ हरात्मक श्रेणी में हैं, तो प्रथम तथा अन्तिम पदों के बीच की संख्याएँ उनके बीच हरात्मक माध्य कहलाती हैं।

***उदाहरणार्थ*** : $1, \frac{1}{3}, \frac{1}{5}, \frac{1}{7}, \frac{1}{9}$ हरात्मक श्रेणी में हैं। अतः 1 तथा $\frac{1}{9}$ के मध्य $\frac{1}{3}, \frac{1}{5}, \frac{1}{7}$ तीन हरात्मक माध्य हैं।

यदि $a, H, b$ हरात्मक श्रेणी में हैं, तो $H$ को $a$ तथा $b$ के बीच हरात्मक माध्य कहते हैं।

**हरात्मक माध्य स्थापित करना**

(i) $a$ व $b$ के बीच एक हरात्मक माध्य $= \frac{2ab}{a+b}$

(ii) $n$ अशून्य संख्याओं $a_1, a_2, a_3, ...., a_n$ का हरात्मक माध्य $H$ है, तो

$$\frac{1}{H} = \frac{\frac{1}{a_1} + \frac{1}{a_2} + .... + \frac{1}{a_n}}{n}$$

(iii) माना $a$ व $b$ दी गई दो संख्याएँ हैं। यदि $a$ व $b$ के मध्य $n$ संख्याएँ $H_1, H_2, ...... H_n$ इस प्रकार ली जायें कि अनुक्रम $a, H_1, H_2, H_3 ...... H_n, b$ हरात्मक श्रेणी में हों, तो $H_1, H_2, ......, H_n$; $a$ व $b$ के मध्य $n$ हरात्मक माध्य कहलाते हैं।

अब, $a, H_1, H_2, ..... H_n, b$ हरात्मक श्रेणी में हैं

$\Rightarrow \frac{1}{a}, \frac{1}{H_1}, \frac{1}{H_2}, ...... \frac{1}{H_n}, \frac{1}{b}$ समान्तर श्रेणी में होंगे।

माना इस समान्तर श्रेणी का सार्वान्तर $D$ है, तो

$\frac{1}{b} = (n+2)$ वाँ पद $= T_{n+2}$

$$\frac{1}{b} = \frac{1}{a} + (n+1)D \Rightarrow D = \frac{a-b}{(n+1)ab}$$

अतः दी गई दो संख्याओं $a$ और $b$ के बीच $n$ हरात्मक माध्य स्थापित किये जाएँ, तो संगत समान्तर श्रेणी का सार्वान्तर $D = \frac{a-b}{(n+1)ab}$ होगा तथा

$\frac{1}{H_1} = \frac{1}{a} + D$, $\frac{1}{H_2} = \frac{1}{a} + 2D$ ,....., $\frac{1}{H_n} = \frac{1}{a} + nD$ ,जहाँ $D = \frac{a-b}{(n+1)ab}$.

## हरात्मक श्रेणी के गुणधर्म (Properties of H.P.)

(1) हरात्मक श्रेणी का कोई पद शून्य नहीं हो सकता है।

(2) यदि $a$ और $b$ के बीच हरात्मक माध्य $H$ है, तो

(i) $\frac{1}{H-a} + \frac{1}{H-b} = \frac{1}{a} + \frac{1}{b}$

(ii) $(H-2a)(H-2b) = H^2$

(iii) $\frac{H+a}{H-a} + \frac{H+b}{H-b} = 2$

# समान्तरीय . गुणोत्तर श्रेणी

## परिभाषा (Definition)

समान्तर तथा गुणोत्तर श्रेणी के संयोजन को समान्तरीय गुणोत्तर श्रेणी कहते हैं।

## समान्तरीयदृगुणोत्तर श्रेणी का *n* वाँ पद ($n^{th}$ term of A.G.P.)

यदि $a_1, a_2, a_3, ......, a_n, ......$ एक समान्तर श्रेणी है तथा $b_1, b_2, ......, b_n, ......$ एक गुणोत्तर श्रेणी है, तो अनुक्रम $a_1b_1, a_2b_2, a_3b_3,$ ......, $a_nb_n, .....$ एक समान्तरीय-गुणोत्तर अनुक्रम कहलाता है।

अतः समान्तरीय-गुणोत्तर अनुक्रम का व्यापक रूप

$a, (a+d)r, (a+2d)r^2, (a+3d)r^3, .....$ होगा।

सममिति से हम पाते हैं, कि इस अनुक्रम का $n$ वाँ पद $[a+(n-1)d]r^{n-1}$ होगा।

यदि $a, (a+d)r, (a+2d)r^2, (a+3d)r^3, .....$ एक समान्तरीय-गुणोत्तर अनुक्रम है, तो $a + (a+d)r + (a+2d)r^2 + (a+3d)r^3 + ...$ एक समान्तरीय-गुणोत्तर श्रेणी होगी।

## समान्तरीय – गुणोत्तर श्रेणी का योगफल (Sum of A.G.P.)

(1) **$n$ पदों का योगफल** : किसी समान्तरीय-गुणोत्तर अनुक्रम $a, (a+d)r, (a+2d)r^2$, $(a+3d)r^3, .....$ के $n$ पदों का योगफल निम्न सूत्र द्वारा दिया जाता है,

$$S_n = \begin{cases} \frac{a}{1-r} + dr\frac{(1-r^{n-1})}{(1-r)^2} - \frac{\{a+(n-1)d\}r^n}{1-r}, \text{ जब } r \neq 1 \\ \frac{n}{2}[2a+(n-1)d], \text{ जब } r = 1 \end{cases}$$

(2) **अनन्त अनुक्रम का योगफल** : माना $|r| < 1$, तो $r^n, r^{n-1} \to 0$, जबकि $n \to \infty$ और यह सत्यापित किया जा सकता है कि $n.r^n \to 0$, जब $n \to \infty$, अतः $S_n \to \frac{a}{1-r} + \frac{dr}{(1-r)^2}$, जब $n \to \infty$

दूसरे शब्दों में, जब $|r| < 1$ तो समान्तरीय-गुणोत्तर श्रेणी के अनन्त पदों का योगफल $S_\infty = \frac{a}{1-r} + \frac{dr}{(1-r)^2}$, $S_\infty = \frac{a}{1-r} + \frac{dr}{(1-r)^2}$.

## योगफल ज्ञात करने की विधि (Method for finding sum)

यह विधि $n$ पदों तथा अनन्त पदों के योगफल, दोनों के लिए प्रयुक्त होती है।

माना श्रेणी का योगफल $S$ है, तब इसे सार्वानुपात से गुणा कर घटाएँ। इस तरह हमें एक गुणोत्तर श्रेणी प्राप्त होती है, जिसका योगफल आसानी से निकाला जा सकता है।

## अन्तर विधि (Method of difference)

यदि किसी श्रेणी के क्रमागत पदों का अन्तर समान्तर श्रेणी या गुणोत्तर श्रेणी में हो, तो श्रेणी का $n$ वाँ पद निम्नलिखित विधि से निकाला जा सकता है:

**Step I:** $n$ वें पद को $T_n$ से तथा श्रेणी के $n$ पदों के योगफल को $S_n$ से व्यक्त करें।

**Step II:** दी गई श्रेणी को पुनः इस प्रकार लिखें कि प्रत्येक पद दाहिनी ओर एक स्थान आगे हो।

**Step III:** दूसरी श्रेणी को पहली श्रेणी से घटाकर $T_n$ का मान ज्ञात करें।

**Step IV:** $T_n$ से $S_n$, योगफल की उपयुक्त विधि से निकाला जा सकता है।

***उदाहरणार्थ*** : श्रेणी 1 + 3 + 6 + 10 + 15 +........$n$ पदों तक, का योगफल ज्ञात करने के लिए क्रमागत पदों का अन्तर 3 – 1, 6 – 3, 10 – 6, 15 – 10.....अर्थात् 2, 3, 4, 5..... जो कि समान्तर श्रेणी में है। यह अन्तर गुणोत्तर श्रेणी में भी हो सकता है।

अब $S = 1 + 3 + 6 + 10 + .......... + T_{n-1} + T_n$

$S = \quad 1 + 3 + 6 + 10 + ........ + T_{n-1} + T_n$

घटाने पर, $0 = 1 + 2 + 3 + 4 + 5 + .......... + (T_n - T_{n-1}) - T_n$

$\Rightarrow T_n = 1 + 2 + 3 + 4 + .........$ $n$ पदों तक

$\Rightarrow T_n = \frac{1}{2}n(n+1)$, $\therefore S_n = \Sigma T_n = \frac{1}{2}[\Sigma n^2 + \Sigma n]$

$$= \frac{1}{2}\left[\frac{n(n+1)(2n+1)}{6} + \frac{n(n+1)}{2}\right]$$

$$= \frac{n(n+1)(n+2)}{6}.$$

# विविध श्रेणियाँ

## विशेष श्रेणियाँ (Special series)

(1) प्रथम $n$ प्राकृत संख्याओं का योगफल

$$= 1 + 2 + 3 + ....... + n = \sum_{r=1}^{n} r = \frac{n(n+1)}{2}.$$

(2) प्रथम $n$ प्राकृत संख्याओं के वर्गों का योगफल

$$= 1^2 + 2^2 + 3^2 + ....... + n^2 = \sum_{r=1}^{n} r^2 = \frac{n(n+1)(2n+1)}{6}.$$

(3) प्रथम $n$ प्राकृत संख्याओं के घनों का योगफल

$$= 1^3 + 2^3 + 3^3 + 4^3 + ....... + n^3 = \sum_{r=1}^{n} r^3 = \left[\frac{n(n+1)}{2}\right]^2.$$

## दो संख्याओं के बीच समान्तर, गुणोत्तर तथा हरात्मक माध्यों के गुणधर्म (Properties of Arithmetic, Geometric, Harmonic means between two given numbers)

माना दो संख्याओं $a$ और $b$ के समान्तर, गुणोत्तर तथा हरात्मक माध्य क्रमशः $A, G$ और $H$ हैं, अतः $A = \frac{a+b}{2}, G = \sqrt{ab}$ तथा $H = \frac{2ab}{a+b}$

तब $A = \frac{a+b}{2}, G = \sqrt{ab}$ तथा $H = \frac{2ab}{a+b}$.

इन तीनों माध्यों के निम्नलिखित गुण हैं :

(1) $A \geq G \geq H$

$A = \frac{a+b}{2}, G = \sqrt{ab}$ तथा $H = \frac{2ab}{a+b}$

$\therefore A - G = \frac{a+b}{2} - \sqrt{ab} = \frac{(\sqrt{a}-\sqrt{b})^2}{2} \geq 0$

$\Rightarrow A \geq G$ .....(i)

$G - H = \sqrt{ab} - \frac{2ab}{a+b} = \sqrt{ab}\left(\frac{a+b-2\sqrt{ab}}{a+b}\right) = \frac{\sqrt{ab}}{a+b}(\sqrt{a}-\sqrt{b})^2 \geq 0$

$\Rightarrow G \geq H$ .....(ii)

(i) तथा (ii) से, $A \geq G \geq H$

ध्यान दें कि बराबर का चिन्ह तभी सत्यापित है, जब $a = b$.

(2) $A, G, H$ एक गुणोत्तर श्रेणी बनाते हैं, अर्थात् $G^2 = AH$

$AH = \frac{a+b}{2} \times \frac{2ab}{a+b} = ab = (\sqrt{ab})^2 = G^2$. अतः $G^2 = AH$.

(3) वह समीकरण जिसके मूल $a$ व $b$ हैं, $x^2 - 2Ax + G^2 = 0$ होगा।

$\therefore x^2 - (a+b)x + ab = 0$

$\Rightarrow x^2 - 2Ax + G^2 = 0$, $\left[\because A = \frac{a+b}{2} \text{ तथा } G = \sqrt{ab}\right]$

मूलों $a$ व $b$ के मान $A \pm \sqrt{A^2 - G^2}$ द्वारा दिये जाते हैं।

(4) यदि $A, G, H$ दी गई तीन संख्याओं $a, b$ तथा $c$ के समान्तर, गुणोत्तर तथा हरात्मक माध्य हैं, तो वह समीकरण जिसके मूल $a, b$ तथा $c$ हैं, $x^3 - 3Ax^2 + \frac{3G^3}{H}x - G^3 = 0$ होगा।

$A = \frac{a+b+c}{3}, G = (abc)^{1/3}$ तथा $\frac{1}{H} = \frac{\frac{1}{a}+\frac{1}{b}+\frac{1}{c}}{3}$

$\Rightarrow a+b+c = 3A, abc = G^3$ तथा $\frac{3G^3}{H} = ab + bc + ca$

वह समीकरण, जिसके मूल $a, b, c$ हैं,

$x^3 - (a+b+c)x^2 + (ab+bc+ca)x - abc = 0$ होगा

$\Rightarrow x^3 - 3Ax^2 + \frac{3G^3}{H}x - G^3 = 0$.

## समान्तर, गुणोत्तर तथा हरात्मक श्रेणियों में सम्बन्ध (Relation between A.P., G.P. and H.P.)

(1) यदि $A, G, H$ ; $a$ और $b$ के बीच समान्तर, गुणोत्तर तथा हरात्मक माध्य हैं, तो $\frac{a^{n+1}+b^{n+1}}{a^n+b^n} = \begin{cases} A, \text{ जब } n = 0 \\ G, \text{ जब } n = -1/2 \\ H, \text{ जब } n = -1 \end{cases}$

(2) यदि $a$ और $b$ के बीच दो समान्तर माध्य $A_1, A_2$, दो गुणोत्तर माध्य $G_1, G_2$ तथा दो हरात्मक माध्य $H_1, H_2$ हों, तो $\frac{G_1G_2}{H_1H_2} = \frac{A_1+A_2}{H_1+H_2}$

(3) **समान्तर, गुणोत्तर तथा हरात्मक श्रेणी की पहचान :** यदि $a, b, c$ किसी अनुक्रम के तीन क्रमागत पद हैं तथा यदि $\frac{a-b}{b-c} = \frac{a}{a}$, तब $a, b, c$ समान्तर श्रेणी में होंगे। यदि $\frac{a-b}{b-c} = \frac{a}{b}$, तब $a, b, c$ गुणोत्तर श्रेणी में होंगे।

यदि $\frac{a-b}{b-c} = \frac{a}{c}$, तब $a, b, c$ हरात्मक श्रेणी में होंगे।

(4) यदि किसी समान्तर/गुणोत्तर/हरात्मक श्रेणी में पदों की संख्या विषम है, तो प्रथम तथा अन्तिम पद का समान्तर/गुणोत्तर/हरात्मक माध्य, श्रेणी का मध्य पद होगा।

(5) यदि किसी समान्तर/गुणोत्तर/हरात्मक श्रेणी में पदों की संख्या सम है, तो प्रथम तथा अन्तिम पद का समान्तर/गुणोत्तर/हरात्मक माध्य, बीच के दो पदों के क्रमशः समान्तर/गुणोत्तर/हरात्मक माध्य के बराबर होगा।

(6) यदि किसी गुणोत्तर श्रेणी के $p$ वें, $q$ वें तथा $r$ वें पद गुणोत्तर श्रेणी में हों, तो $p, q, r$ समान्तर श्रेणी में होंगे।

(7) यदि $a, b, c$ समान्तर श्रेणी तथा गुणोत्तर श्रेणी में हों, तो $a = b = c$.

(8) यदि $a, b, c$ समान्तर श्रेणी में हैं, तो $x^a, x^b, x^c$ गुणोत्तर श्रेणी में होंगे, (जबकि $x \neq \pm 1$).

## Tips & Tricks

- यदि किसी समान्तर श्रेणी के पद $T_k$ तथा $T_p$ दिए हुए हों, तो $T_n$ ज्ञात करने के लिए सूत्र है, $\frac{T_n - T_k}{n-k} = \frac{T_p - T_k}{p-k}$.
- यदि किसी समान्तर श्रेणी के लिए, $pT_p = qT_q$, तो $T_{p+q} = 0$.
- यदि किसी समान्तर श्रेणी का $p$ वाँ पद $q$ तथा $q$ वाँ पद $p$ है, तो $T_{p+q} = 0$ तथा $T_n = p + q - n$.
- यदि किसी समान्तर श्रेणी का $p$ वाँ पद $\frac{1}{q}$ तथा $q$ वाँ पद $\frac{1}{p}$ है, तो इसका $pq$ वाँ पद 1 होगा।
- किसी समान्तर श्रेणी का सार्वान्तर $d = S_2 - 2S_1$ द्वारा ज्ञात किया जाता है, जबकि $S_2$ प्रथम दो पदों का योगफल व $S_1$ प्रथम पद का योगफल या प्रथम पद है।
- यदि $n$ पदों का योगफल $S_n$ दिया हुआ हो, तो व्यापक पद $T_n = S_n - S_{n-1}$, जहाँ $S_{n-1}$ समान्तर श्रेणी के $(n-1)$ पदों का योग है।
- एक समान्तर श्रेणी के $n$ पदों का योगफल, $An^2 + Bn$ ($n$ में द्विघात व्यंजक) के रूप में होता है, तो उसका सार्वान्तर $n^2$ के गुणांक का दो गुना अर्थात् $2A$ होता है।
- **महत्वपूर्ण परिणाम**
  - प्रथम $n$ विषम प्राकृत संख्याओं का योगफल
    $= 1 + 3 + 5 + ..... + (2n-1) = \sum_{r=1}^{n}(2r-1) = n^2$.
  - प्रथम $n$ सम प्राकृत संख्याओं का योगफल
    $= 2 + 4 + 6 + ...... + 2n = \sum_{r=1}^{n} 2r = n(n+1)$.
- • किसी समान्तर श्रेणी में, यदि $p$ पदों का योगफल $q$ तथा $q$ पदों का योगफल $p$ हो, तो $(p+q)$ पदों का योगफल $\{-(p+q)\}$ होगा।

  • यदि किसी समान्तर श्रेणी के $p$ पदों का योगफल, $q$ पदों के योगफल के बराबर हो, तो $(p+q)$ पदों का योगफल शून्य होगा।

• यदि किसी समान्तर श्रेणी का $p$ वाँ पद $\frac{1}{q}$ तथा $q$ वाँ पद $\frac{1}{p}$ है, तो $pq$ पदों का योगफल $S_{pq} = \frac{1}{2}(pq+1)$ होगा।

✍ $a$ और $b$ के बीच $n$ समान्तर माध्यों का योगफल, $a$ और $b$ के मध्य एक समान्तर माध्य के $n$ गुना के बराबर होता है, अर्थात्

$$A_1 + A_2 + A_3 + ......... + A_n = n\left(\frac{a+b}{2}\right).$$

✍ यदि $A_1$ तथा $A_2$, $a$ एवं $b$ के बीच दो समान्तर माध्य हों, तो $A_1 = \frac{1}{3}(2a+b), A_2 = \frac{1}{3}(a+2b)$.

✍ दो संख्याओं के मध्य, $\frac{m \text{ समान्तर माध्यों का योगफल}}{n \text{ समान्तर माध्यों का योगफल}} = \frac{m}{n}$.

✍ यदि किसी श्रेणी में पदों की संख्या विषम है, तो केवल एक मध्य पद होगा, जो $\left(\frac{n+1}{2}\right)$ वाँ पद होगा।

✍ यदि किसी श्रेणी में पदों की संख्या सम है, तो दो मध्य पद होंगे, जो कि $\left(\frac{n}{2}\right)$ वाँ तथा $\left\{\left(\frac{n}{2}\right)+1\right\}$ वाँ पद होंगे।

✍ यदि किसी गुणोत्तर श्रेणी के पद $T_n$ व $T_k$ के मान दिये गये हों, तो $T_p$ को सूत्र $\left(\frac{T_n}{T_k}\right)^{\frac{1}{n-k}} = \left(\frac{T_p}{T_k}\right)^{\frac{1}{p-k}}$ के द्वारा ज्ञात किया जा सकता है।

✍ यदि $a, b, c$ गुणोत्तर श्रेणी में हैं, तो

$$\frac{b}{a} = \frac{c}{b} \Rightarrow \frac{a+b}{a-b} = \frac{b+c}{b-c} \text{ या } \frac{a-b}{b-c} = \frac{a}{b} \text{ या } \frac{a+b}{b+c} = \frac{a}{b}.$$

✍ माना किसी गुणोत्तर श्रेणी का प्रथम पद धनात्मक है तथा यदि $r > 1$, तब यह एक वर्धमान गुणोत्तर श्रेणी होगी, किन्तु यदि $r$ धनात्मक है तथा 1 से कम है, अर्थात् $0 < r < 1$, तो यह एक ह्रासमान गुणोत्तर श्रेणी होगी।

✍ माना, किसी गुणोत्तर श्रेणी का प्रथम पद ऋणात्मक है तथा यदि $r > 1$ हो, तब यह एक ह्रासमान गुणोत्तर श्रेणी होगी, किन्तु यदि $0 < r < 1$, तो यह एक वर्धमान गुणोत्तर श्रेणी होगी।

✍ यदि $a, b, c, d,...$ गुणोत्तर श्रेणी में हैं, तो वे सतत् समानुपात में होंगे, अर्थात् , $\frac{a}{b} = \frac{b}{c} = \frac{c}{d} = .... = \frac{1}{r}$.

✍ $a$ एवं $b$ के बीच $n$ गुणोत्तर माध्यों का गुणनफल, उनके बीच एक गुणोत्तर माध्य के $n$ वीं घात के बराबर होता है

अर्थात, $G_1 G_2 G_3 ...... G_n = (\sqrt{ab})^n$.

✍ $a_1 a_2 a_3 ...... a_n$ का गुणोत्तर माध्य $= (a_1 a_2 a_3 ..... a_n)^{1/n}$

✍ यदि दो संख्याओं $a$ एवं $b$ के बीच दो गुणोत्तर माध्य $G_1$ तथा $G_2$ हैं, तो $G_1 = (a^2 b)^{1/3}, G_2 = (ab^2)^{1/3}$.

✍ $a$ एवं $\frac{1}{a}$ के बीच $n$ गुणोत्तर माध्यों का गुणनफल 1 होता है।

✍ यदि $a$ एवं $b$ के बीच $n$ गुणोत्तर माध्य स्थापित किए गए हैं, तो $r = \left(\frac{b}{a}\right)^{\frac{1}{n+1}}$.

✍ यदि $a$ और $b$ के बीच दो हरात्मक माध्य $H_1$ तथा $H_2$ हों, तो $H_1 = \frac{3ab}{a+2b}$ तथा $H_2 = \frac{3ab}{2a+b}$.

# Ordinary Thinking

## Objective Questions

### समान्तर श्रेणी

1. अनुक्रम $\frac{5}{\sqrt{7}}, \frac{6}{\sqrt{7}}, \sqrt{7}$, ....... है

(a) हरात्मक श्रेणी में (b) गुणोत्तर श्रेणी में
(c) समान्तर श्रेणी में (d) उपरोक्त सभी

2. श्रेणी $\left(3-\frac{1}{n}\right)+\left(3-\frac{2}{n}\right)+\left(3-\frac{3}{n}\right)+....$ का $p$वाँ पद होगा

(a) $\left(3+\frac{p}{n}\right)$ (b) $\left(3-\frac{p}{n}\right)$
(c) $\left(3+\frac{n}{p}\right)$ (d) $\left(3-\frac{n}{p}\right)$

3. श्रेणी $2\sqrt{2}+\sqrt{2}+0+.....$ का 8वाँ पद होगा

(a) $-5\sqrt{2}$ (b) $5\sqrt{2}$
(c) $10\sqrt{2}$ (d) $-10\sqrt{2}$

4. यदि किसी समांतर श्रेणी का 9वाँ पद शून्य हो, तो उसके 29वें तथा 19वें पदों का अनुपात है

(a) 1 : 2 (b) 2 : 1
(c) 1 : 3 (d) 3 : 1

5. निम्न में से कौन सी श्रेणी समान्तर श्रेणी है

(a) $f(n) = an+b; n \in N$ (b) $f(n) = kr^n; n \in N$
(c) $f(n) = (an+b)kr^n; n \in N$ (d) $f(n) = \frac{1}{a\left(n+\frac{b}{n}\right)}; n \in N$

6. श्रेणी $(-8+18i), (-6+15i), (-4+12i)$ ,...... का कौन सा पद शुद्ध अधिकल्पित संख्या है

(a) 5 वाँ (b) 7वाँ
(c) 8 वाँ (d) 6 वाँ

7. किसी समान्तर श्रेणी का $n$ वाँ पद $(2n-1)$ है, तो उस श्रेणी के $n$ पदों का योग होगा

(a) $n^2-1$ (b) $(2n-1)^2$
(c) $n^2$ (d) $n^2+1$

8. श्रेणी $(1\times3)+(3\times5)+(5\times7)+(7\times9)+.......$ का $n$वाँ पद होगा

(a) $n(2n+1)$
(b) $2n(2n-1)$
(c) $(2n+1)(2n-1)$
(d) $4n^2+1$

9. श्रेणी $101+99+97+.....+47$ में पदों की संख्या है
(a) 25 (b) 28
(c) 30 (d) 20

10. यदि समान्तर श्रेणी का $p$ वाँ पद $q$ और $q$ वाँ पद $p$ है, तो $r$ वाँ पद होगा [RPET 1999]
(a) $p+q+r$ (b) $p+q-r$
(c) $p+r-q$ (d) $p-q-r$

11. यदि $\tan n\theta=\tan m\theta$ हो, तो $\theta$ के विभिन्न मान होंगे [Karnataka CET 1998]
(a) समान्तर श्रेणी में (b) गुणोत्तर श्रेणी में
(c) हरात्मक श्रेणी में (d) इनमें से कोई नहीं

12. श्रेणी $3.8+6.11+9.14+12.17+.....$ का $n$वाँ पद होगा
(a) $3n(3n+5)$ (b) $3n(n+5)$
(c) $n(3n+5)$ (d) $n(n+5)$

13. 1 से 100 तक के 2 या 5 से विभाज्य पूर्णांकों का योग है [IIT 1984]
(a) 3000 (b) 3050
(c) 4050 (d) इनमें से कोई नहीं

14. यदि श्रेणियों $63+65+67+69+.........$ तथा $3+10+17+24+......$ के $m$ वें पद बराबर हों, तो $m=$ [Kerala (Engg.) 2002]
(a) 11 (b) 12
(c) 13 (d) 15

15. श्रेणी $\sqrt{2}+\sqrt{8}+\sqrt{18}+\sqrt{32}+.........$ के 24 पदों का योगफल है
(a) 300 (b) $300\sqrt{2}$
(c) $200\sqrt{2}$ (d) इनमें से कोई नहीं

16. यदि $2x, x+8, 3x+1$ समान्तर श्रेणी में हैं, तो $x$ का मान होगा [MP PET 1984]
(a) 3 (b) 7
(c) 5 (d) $-2$

17. यदि किसी समान्तर श्रेणी के $n$ पदों का योगफल $nA+n^2B$, जहाँ $A, B$ नियतांक हैं, है। तो इनका सार्वअन्तर होगा [MNR 1977]
(a) $A-B$ (b) $A+B$
(c) $2A$ (d) $2B$

18. यदि किसी समान्तर श्रेणी का 9वाँ पद 35 एवं 19वाँ पद 75 है, तो इसका 20वाँ पद होगा [RPET 1989]
(a) 78 (b) 79
(c) 80 (d) 81

19. श्रेणी $27+9+5\frac{2}{5}+3\frac{6}{7}+........$ का 9वाँ पद है [MP PET 1983]
(a) $1\frac{10}{17}$ (b) $\frac{10}{17}$
(c) $\frac{16}{27}$ (d) $\frac{17}{27}$

20. यदि $a, b, c$ समान्तर श्रेणी में हों, तो $\frac{(a-c)^2}{(b^2-ac)}=$ [Roorkee 1975]
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

21. यदि $\log_3 2, \log_3(2^x-5)$ व $\log_3\left(2^x-\frac{7}{2}\right)$ समान्तर श्रेणी में हों, तो $x$ के मान होंगे [IIT 1990]
(a) $1, \frac{1}{2}$ (b) $1, \frac{1}{3}$
(c) $1, 3/2$ (d) इनमें से कोई नहीं

22. यदि किसी समान्तर अनुक्रम के $p$वें, $q$वें व $r$वें पद क्रमशः $a$, $b, c$ हों, तो $[a(q-r)+b(r-p)+c(p-q)]$ का मान होगा [MP PET 1985]
(a) 1 (b) $-1$
(c) 0 (d) 1/2

23. यदि दो समान्तर श्रेणियाँ के $n$वें पद क्रमशः $3n+8$ व $7n+15$ हों, तो उनके 12वें पदों का अनुपात होगा [MP PET 1986]
(a) 4/9 (b) 7/16
(c) 3/7 (d) 8/15

24. यदि $a_1=a_2=2, a_n=a_{n-1}-1\ (n>2)$, तब $a_5$ है
(a) 1 (b) $-1$
(c) 0 (d) $-2$

25. यदि संख्याएँ $a, b, c, d, e$ एक समान्तर श्रेणी बनाती हैं, तब $a-4b+6c-4d+e$ का मान है
(a) 1 (b) 2
(c) 0 (d) इनमें से कोई नहीं

26. एक समान्तर श्रेणी का छठवां पद 2 के बराबर है, तब गुणनफल $a_1a_4a_5$ को न्यूनतम बनाने वाला समान्तर श्रेणी का सार्वअन्तर है
(a) $x=\frac{8}{5}$ (b) $x=\frac{5}{4}$
(c) $x=\frac{2}{3}$ (d) इनमें से कोई नहीं

27. यदि किसी समान्तर श्रेणी के $p$ वें पद का $p$ गुना, $q$ वें पद के $q$ गुना के बराबर है, तब $(p+q)$ वाँ पद है [MP PET 1997; Karnataka CET 2002]
(a) 0 (b) 1
(c) 2 (d) 3

28. दो समान्तर श्रेणियों के $n$ पदों के योग का अनुपात $2n+3:6n+5$ है, तो इनके 13 वें पदों का अनुपात होगा [MP PET 2004]
(a) 53 : 155 (b) 27 : 77
(c) 29 : 83 (d) 31 : 89

29. यदि $a$ समान्तर श्रेणी के $m$ वें पद को प्रदर्शित करता हो, तब $a$ का मान होगा
(a) $\frac{2}{a_{m+k}+a_{m-k}}$ (b) $\frac{a_{m+k}-a_{m-k}}{2}$
(c) $\frac{a_{m+k}+a_{m-k}}{2}$ (d) इनमें से कोई नहीं

30. माना $r=1, 2, 3,....$ के लिये एक समान्तर श्रेणी का $r$ वाँ पद $T_r$ है। यदि किन्हीं धनात्मक पूर्णांकों $m, n$ के लिये $T_m=\frac{1}{n}$ और $T_n=\frac{1}{m}$ हों, तो $T_{mn}$ का मान होगा [IIT 1998]
(a) $\frac{1}{mn}$ (b) $\frac{1}{m}+\frac{1}{n}$
(c) 1 (d) 0

31. यदि $1, \log_9(3^{1-x}+2), \log_3(4.3^x-1)$ समान्तर श्रेणी में हों, तो $x$ का मान होगा [AIEEE 2002]
(a) $\log_3 4$ (b) $1-\log_3 4$
(c) $1-\log_4 3$ (d) $\log_4 3$

**32.** यदि $a, b, c, d, e$ समान्तर श्रेणी में हों, तो $a+b+4c-4d+e$ का मान $a$ के पदों में होगा (यदि संभव हो तो) [RPET 2002]

(a) $4a$ (b) $2a$
(c) 3 (d) इनमें से कोई नहीं

**33.** दो समान्तर श्रेणियों के $n$ पदों के योग का अनुपात $(7n+1):(4n+27)$ है, तो इनके 11वें पदों का अनुपात होगा [AMU 1996]

(a) $2:3$ (b) $3:4$
(c) $4:3$ (d) $5:6$

**34.** श्रेणी $\frac{1}{2}+\frac{1}{3}+\frac{1}{6}+........$ के 9 पदों का योगफल है [MNR 1985]

(a) $-\frac{5}{6}$ (b) $-\frac{1}{2}$
(c) 1 (d) $-\frac{3}{2}$

**35.** किसी बहुभुज के अन्तः कोण समान्तर श्रेणी में हैं। यदि सबसे छोटा कोण $120^o$ और सार्वअन्तर 5 है, तो भुजाओं की संख्या होगी [IIT 1980]

(a) 8 (b) 10
(c) 9 (d) 6

**36.** यदि किसी समान्तर श्रेणी का $p$ वाँ पद $\frac{1}{q}$ और $q$ वाँ पद $\frac{1}{p}$ है, तो इसके $pq$ पदों का योग होगा

(a) $\frac{pq-1}{2}$ (b) $\frac{1-pq}{2}$
(c) $\frac{pq+1}{2}$ (d) $-\frac{pq+1}{2}$

**37.** प्रथम $n$ प्राकृत संख्याओं का योग होता है [MP PET 1984; RPET 1995]

(a) $n(n-1)$ (b) $\frac{n(n-1)}{2}$
(c) $n(n+1)$ (d) $\frac{n(n+1)}{2}$

**38.** यदि एक समान्तर श्रेणी का प्रथम पद 2 तथा सार्वअन्तर 4 हो, तो उसके 40 पदों का योग होगा [MNR 1978; MP PET 2002]

(a) 3200 (b) 1600
(c) 200 (d) 2800

**39.** यदि $n$ विषम या सम हो,तो श्रेणी $1-2+3-4+5-6+......$ के $n$ पदों का योग होगा

(a) $-\frac{n}{2}$ (b) $\frac{n-1}{2}$
(c) $\frac{n+1}{2}$ (d) $\frac{2n+1}{2}$

**40.** यदि समान्तर श्रेणी का प्रथम पद, दूसरा पद और अन्तिम पद क्रमशः $a, b, 2a$ हैं, तो योग होगा

(a) $\frac{ab}{b-a}$ (b) $\frac{ab}{2(b-a)}$
(c) $\frac{3ab}{2(b-a)}$ (d) $\frac{3ab}{4(b-a)}$

**41.** प्रथम $n$ सम संख्याओं का योग, प्रथम $n$ विषम संख्याओं के योग का होगा

(a) $\frac{1}{n}$ गुना (b) $(n+1)$ गुना
(c) $\left(1+\frac{1}{n}\right)$ गुना (d) $(n-1)$ गुना

**42.** यदि $a_1, a_2, a_3.......a_n$ स.श्रे. में हों,(जहाँ $i$ के सभी मानों के लिये $a_i > 0$ ), तब $\frac{1}{\sqrt{a_1}+\sqrt{a_2}}+\frac{1}{\sqrt{a_2}+\sqrt{a_3}}+........+\frac{1}{\sqrt{a_{n-1}}+\sqrt{a_n}}$ का मान होगा [IIT 1982]

(a) $\frac{n-1}{\sqrt{a_1}+\sqrt{a_n}}$ (b) $\frac{n+1}{\sqrt{a_1}+\sqrt{a_n}}$
(c) $\frac{n-1}{\sqrt{a_1}-\sqrt{a_n}}$ (d) $\frac{n+1}{\sqrt{a_1}-\sqrt{a_n}}$

**43.** यदि $a_1, a_2,........ ..., a_n$ एक समांतर श्रेणी में हैं, जिसका सार्वान्तर $d$ है, तब श्रेणी $\sin d(\text{cosec } a_1.\text{cosec } a_2 + \text{cosec } a_2.\text{cosec } a_3 + .......... .$ $+\text{cosec } a_{n-1}\text{cosec } a_n)$ का योग होगा [RPET 2000]

(a) $\sec a_1 - \sec a_n$ (b) $\cot a_1 - \cot a_n$
(c) $\tan a_1 - \tan a_n$ (d) $\text{cosec } a_1 - \text{cosec } a_n$

**44.** यदि श्रेणी $2+5+8+11.........$ .. का योग 60100 हो, तो पदों की संख्या होगी [MNR 1991; DCE 2001]

(a) 100 (b) 200
(c) 150 (d) 250

**45.** 1 व 100 के बीच 3 के गुणज वाली प्राकृत संख्याओं का योग है [MP PET 1984]

(a) 1680 (b) 1683
(c) 1681 (d) 1682

**46.** $1+3+5+7+.........$ $n$ पदों तक का योग है [MP PET 1984]

(a) $(n+1)^2$ (b) $(2n)^2$
(c) $n^2$ (d) $(n-1)^2$

**47.** यदि श्रेणी $54+51+48+..........$ ... का योग 513 हो, तो पदों की संख्या है [Roorkee 1970]

(a) 18 (b) 20
(c) 17 (d) इनमें से कोई नहीं

**48.** यदि किसी समान्तर श्रेणी के $n$ पदों का योग $2n^2+5n$ हो, तो $n$ वाँ पद होगा [RPET 1992]

(a) $4n+3$ (b) $4n+5$
(c) $4n+6$ (d) $4n+7$

**49.** किसी समान्तर श्रेणी का $n$ वाँ पद $3n-1$ है, तो इसके प्रथम पाँच पदों का योगफल होगा [MP PET 1983]

(a) 14 (b) 35
(c) 80 (d) 40

**50.** यदि किसी समान्तर श्रेणी का प्रथम पद 10 व अन्तिम पद 50 है तथा सभी पदों का योग 300 हो, तो पदों की संख्या है [RPET 1987]

(a) 5 (b) 8
(c) 10 (d) 15

**51.** श्रेणी $20+19\frac{1}{3}+18\frac{2}{3}+.........$ का अधिकतम योगफल है

(a) 310 (b) 300
(c) 320 (d) इनमें से कोई नहीं

**52.** 100 व 1000 के बीच 9 से विभाजित संख्याओं का योग है [MP PET 1982]

(a) 55350 (b) 57228
(c) 97015 (d) 62140

**53.** एक समान्तर श्रेणी के $m$ व $n$ पदों के योगों का अनुपात $m^2 : n^2$ है, तो $m$ वें व $n$ वें पदों का अनुपात होगा [Roorkee 1963; MP PET 1995; Pb. CET 2001]

(a) $\frac{m-1}{n-1}$ (b) $\frac{n-1}{m-1}$

(c) $\frac{2m-1}{2n-1}$ (d) $\frac{2n-1}{2m-1}$

**54.** $\sum_{r=1}^{n} \log\left(\frac{a^r}{b^{r-1}}\right)$ का मान है

(a) $\frac{n}{2}\log\left(\frac{a^n}{b^n}\right)$ (b) $\frac{n}{2}\log\left(\frac{a^{n+1}}{b^n}\right)$

(c) $\frac{n}{2}\log\left(\frac{a^{n+1}}{b^{n-1}}\right)$ (d) $\frac{n}{2}\log\left(\frac{a^{n+1}}{b^{n+1}}\right)$

**55.** समीकरण $(x+1)+(x+4)+(x+7)+......... +(x+28)=155$ के लिए $x$ का मान है

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) 4

**56.** उन सभी दो अंकों की संख्याओं का योगफल, जिन्हें 4 से विभाजित करने पर शेषफल 1 मिलता हो, है

(a) 1190 (b) 1197

(c) 1210 (d) इनमें से कोई नहीं

**57.** यदि $S_n$ समान्तर श्रेणी के $n$ पदों का योगफल दर्शाता हो, तो $(S_{2n}-S_n)$ का मान है

(a) $2S_n$ (b) $S_{3n}$

(c) $\frac{1}{3}S_{3n}$ (d) $\frac{1}{2}S_n$

**58.** $\log_{\sqrt{3}} x+\log_{\sqrt[4]{3}} x+\log_{\sqrt[6]{3}} x+.....+\log_{\sqrt[16]{3}} x=36$ का हल है

(a) $x=3$ (b) $x=4\sqrt{3}$

(c) $x=9$ (d) $x=\sqrt{3}$

**59.** यदि $S_k$ किसी समान्तर श्रेणी के $k$ पदों का योगफल है जिसके प्रथम पद एवं सार्वअन्तर क्रमशः '$a$'व '$d$' हैं, तो $\frac{S_{kn}}{S_n}$, $n$ से स्वतंत्र होगा यदि

(a) $2a-d=0$ (b) $a-d=0$

(c) $a-2d=0$ (d) इनमें से कोई नहीं

**60.** अनुक्रम, जिसका $n$वाँ पद $\left(\frac{n}{x}\right)+y$ हो, तो श्रेणी के $r$ पदों का योगफल होगा [UPSEAT 1999]

(a) $\left\{\frac{r(r+1)}{2x}\right\}+ry$ (b) $\left\{\frac{r(r-1)}{2x}\right\}$

(c) $\left\{\frac{r(r-1)}{2x}\right\}-ry$ (d) $\left\{\frac{r(r+1)}{2y}\right\}-rx$

**61.** 1 व 100 के बीच के उन सभी पूर्णांकों का योगफल जो कि 3 व 5 से विभाजित न हों [MP PET 2000]

(a) 2489 (b) 4735

(c) 2317 (d) 2632

**62.** किसी समान्तर श्रेणी के प्रथम तथा तृतीय पदों का योग 12 है, तथा प्रथम व द्वितीय पदों का गुणनफल 24 है, तब श्रेणी का प्रथम पद होगा [MP PET 2003]

(a) 1 (b) 8

(c) 4 (d) 6

**63.** श्रेणी $2, 5, 8...$ के प्रथम $2n$ पदों का योग, श्रेणी $57, 59, 61...$ के प्रथम $n$ पदों के योग के बराबर हो तो $n$ का मान होगा [IIT Screening 2001]

(a) 10 (b) 12

(c) 11 (d) 13

**64.** 250 से 1000 तक की संख्यायें जो 3 से विभाजित हों, का योग होगा

(a) 135657 (b) 136557

(c) 161575 (d) 156375

**65.** किसी समान्तर श्रेणी का 7वाँ पद 40 है, तो श्रेणी के प्रथम 13 पदों का योग होगा [Karnataka CET 2003]

(a) 53 (b) 520

(c) 1040 (d) 2080

**66.** यदि $a_1, a_2, ...., a_{n+1}$ समांतर श्रेणी में हों, तो $\frac{1}{a_1a_2}+\frac{1}{a_2a_3}+.....+\frac{1}{a_na_{n+1}}$ का मान होगा [AMU 2002]

(a) $\frac{n-1}{a_1a_{n+1}}$ (b) $\frac{1}{a_1a_{n+1}}$

(c) $\frac{n+1}{a_1a_{n+1}}$ (d) $\frac{n}{a_1a_{n+1}}$

**67.** यदि किसी श्रेणी के प्रथम $n$ पदों का योगफल $5n^2+2n$ हो, तो उसका द्वितीय पद है [MP PET 1996]

(a) 7 (b) 17

(c) 24 (d) 42

**68.** माना श्रेणी $a_1, a_2, a_3, ......... ....a_{2n}$ एक समान्तर श्रेणी है, तब $a_1^2-a_2^2+a_3^3-.........+a_{2n-1}^2-a_{2n}^2=$

(a) $\frac{n}{2n-1}(a_1^2-a_{2n}^2)$ (b) $\frac{2n}{n-1}(a_{2n}^2-a_1^2)$

(c) $\frac{n}{n+1}(a_1^2+a_{2n}^2)$ (d) इनमें से कोई नहीं

**69.** यदि समान्तर श्रेणी के $n$ पदों का योग $3n^2+5n$ व $T_m=164$ हो, तो $m=$ [RPET 1991, 95; DCE 1999]

(a) 26 (b) 27

(c) 28 (d) इनमें से कोई नहीं

**70.** यदि $S_n=nP+\frac{1}{2}n(n-1)Q$, जहाँ $S_n$ समान्तर श्रेणी के प्रथम $n$ पदों का योग दर्शाता है, तब सार्वअन्तर है [WB JEE 1994]

(a) $P+Q$ (b) $2P+3Q$

(c) $2Q$ (d) $Q$

**71.** माना $S_n$ एक समान्तर श्रेणी के $n$ पदों का योग दर्शाता है। यदि $S_{2n}=3S_n$, तो अनुपात $\frac{S_{3n}}{S_n}=$ [MNR 1993; UPSEAT 2001]

(a) 4 (b) 6

(c) 8 (d) 10

**72.** क्रमागत पूर्णांकों (Consecutive integers) की समान्तर श्रेणी का प्रथम पद $p^2+1$ है। इस श्रेणी के $(2p+1)$ पदों का योग है

(a) $(p+1)^2$ (b) $(p+1)^3$

(c) $(2p+1)(p+1)^2$ (d) $p^3+(p+1)^3$

73. एक समान्तर श्रेणी के प्रथम चार पदों का योग 56 है। अन्तिम चार पदों का योग 112 है। यदि इसका प्रथम पद 11 हो, तो पदों की संख्या है

(a) 10 (b) 11

(c) 12 (d) इनमें से कोई नहीं

74. समांतर श्रेणी 3,7,11,15...के कितने पदों का योग 406 होगा [Kerala (Engg.) 2002]

(a) 5 (b) 10

(c) 12 (d) 14

75. एक समांतर श्रेणी में 15 पद हैं। इसका पहला पद 5 है तथा योग 390 है। मध्य पद है [MP PET 1994]

(a) 23 (b) 26

(c) 29 (d) 32

76. यदि किसी समान्तर श्रेणी के 10 पदों का योगफल इसके 5 पदों के योगफल से 4 गुना है, तो प्रथम पद व सार्वअन्तर का अनुपात है [RPET 1986]

(a) 1 : 2 (b) 2 : 1

(c) 2 : 3 (d) 3 : 2

77. समान्तर श्रेणी के तीन क्रमागत पद इस प्रकार हैं कि उनका योग 18 तथा उनके वर्गों का योग 158 है तब इस श्रेणी का महत्तम पद होगा [UPSEAT 2004]

(a) 10 (b) 11

(c) 12 (d) इनमें से कोई नहीं

78. यदि $\frac{3+5+7+\text{.......... } n \text{ पदों तक}}{5+8+11+\text{......... 10 पदों तक}}=7$, तो $n$ का मान है [MNR 1983; Pb. CET 2000]

(a) 35 (b) 36

(c) 37 (d) 40

79. यदि $\frac{1}{3}$ और $\frac{1}{24}$ के मध्य दो समान्तर माध्य पद $A_1$ व $A_2$ हों, तब $A_1$ व $A_2$ का मान होगा

(a) $\frac{7}{72},\frac{5}{36}$ (b) $\frac{17}{72},\frac{5}{36}$

(c) $\frac{7}{36},\frac{5}{72}$ (d) $\frac{5}{72},\frac{17}{72}$

80. यदि $a$ और $b$ के बीच का समान्तर माध्य $\frac{a^{n+1}+b^{n+1}}{a^n+b^n}$ है, तो $n$ का मान होगा [MP PET 1995]

(a) 1 (b) −1

(c) 0 (d) इनमें से कोई नहीं

81. एक राशि, दूसरी राशि की व्युत्क्रम है। यदि दोनों राशियों का समान्तर माध्य $\frac{13}{12}$ है, तो राशियाँ होंगी

(a) $\frac{1}{4},\frac{4}{1}$ (b) $\frac{3}{4},\frac{4}{3}$

(c) $\frac{2}{5},\frac{5}{2}$ (d) $\frac{3}{2},\frac{2}{3}$

82. यदि $A$, दो संख्याओं का समान्तर माध्य हो और $S$, उन दो संख्याओं के बीच $n$ समान्तर माध्यों का योग हो, तो

(a) $S=nA$ (b) $A=nS$

(c) $A=S$ (d) इनमें से कोई नहीं

83. प्रथम $n$ प्राकृत संख्याओं का समान्तर माध्य होगा [RPET 1986]

(a) $\frac{n-1}{2}$ (b) $\frac{n+1}{2}$

(c) $\frac{n}{2}$ (d) $n$

84. $a$ व $b$ के बीच में $n$ समान्तर माध्यों का योग है [RPET 1986]

(a) $\frac{n(a+b)}{2}$ (b) $n(a+b)$

(c) $\frac{(n+1)(a+b)}{2}$ (d) $(n+1)(a+b)$

85. 2 तथा 38 के बीच $n$ समांतर माध्यों को रखने पर परिणामी श्रेणी का योगफल 200 है, तब $n$ का मान है [MP PET 2001]

(a) 10 (b) 8

(c) 9 (d) इनमें से कोई नहीं

86. श्रेणी $a, a+nd, a+2nd$ का माध्य होगा [DCE 2002]

(a) $a+(n-1)d$ (b) $a+nd$

(c) $a+(n+1)d$ (d) इनमें से कोई नहीं

87. यदि $f(x+y, x-y)=xy$, तब $f(x,y)$ और $f(y,x)$ का समांतर माध्य होगा [AMU 2002, 05]

(a) $x$ (b) $y$

(c) 0 (d) 1

88. यदि $\log 2, \log(2^n-1)$ तथा $\log(2^n+3)$ समान्तर श्रेणी में हों, तो $n=$ [MP PET 1998; Karnataka CET 2000; Pb. CET 2001]

(a) 5/2 (b) $\log_2 5$

(c) $\log_3 5$ (d) 3/2

89. यदि 4 पदों वाली एक समान्तर श्रेणी के प्रथम व अन्तिम पदों का योग 8 एवं शेष दो बीच वाली संख्याओं का गुणनफल 15 हो, तो श्रेणी की सबसे बड़ी संख्या होगी [Roorkee 1965]

(a) 5 (b) 7

(c) 9 (d) 11

90. यदि किसी समकोण त्रिभुज की भुजायें समान्तर श्रेणी में हों, तो भुजायें समानुपाती होंगी [Roorkee 1974]

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4

(c) 3, 4, 5 (d) 4, 5, 6

91. तीन संख्यायें समान्तर श्रेणी में हैं जिनका योगफल 33 है एवं गुणनफल 792 है, तो इनमें से सबसे छोटी संख्या है [RPET 1988]

(a) 4 (b) 8

(c) 11 (d) 14

92. यदि $a, b, c, d, e, f$ समान्तर श्रेणी में हों, तो $e-c$ का मान होगा [Pb. CET 1989, 91]

(a) $2(c-a)$ (b) $2(f-d)$

(c) $2(d-c)$ (d) $d-c$

93. यदि किसी समान्तर अनुक्रम की तीन संख्याओं का योग 15 एवं उनके वर्गों का योग 83 हो, तो संख्यायें हैं [MP PET 1985]

(a) 4, 5, 6 (b) 3, 5, 7

(c) 1, 5, 9 (d) 2, 5, 8

94. 3 व 23 के बीच चार समान्तर माध्य पद है [MP PET 1985]

(a) 5, 9, 11, 13 (b) 7, 11, 15, 19

(c) 5, 11, 15, 22 (d) 7, 15, 19, 21

95. यदि किसी समान्तर श्रेणी के तीन क्रमागत पदों का योग 51 है तथा प्रथम व तृतीय पद का गुणनफल 273 है, तो संख्यायें हैं [MP PET 1986]

(a) 21, 17, 13 (b) 20, 16, 12

(c) 22, 18, 14 (d) 24, 20, 16

96. यदि $\frac{1}{p+q},\frac{1}{r+p},\frac{1}{q+r}$ समान्तर श्रेणी में हैं, तो [RPET 1995]

(a) $p, q, r$ समान्तर श्रेणी में होंगे

(b) $p^2, q^2, r^2$ समान्तर श्रेणी में होंगे

(c) $\frac{1}{p}, \frac{1}{q}, \frac{1}{r}$ समान्तर श्रेणी में होंगे

(d) इनमें से कोई नहीं

**97.** यदि $1, \log_y x, \log_z y, -15 \log_x z$ समान्तर श्रेणी में हों, तब

(a) $z^3 = x$ (b) $x = y^{-1}$

(c) $z^{-3} = y$ (d) $x = y^{-1} = z^3$

(e) उपरोक्त सभी

**98.** एक पूर्णांक तथा इसके घन का अन्तर विभाजित है [MP PET 1999]

(a) 4 से (b) 6 से

(c) 9 से (d) इनमें से कोई नहीं

**99.** यदि $a, b, c$ समांतर श्रेणी में हों, तो $(a+2b-c)$ $(2b+c-a)$ $(c+a-b)$ = [Pb. CET 1999]

(a) $\frac{1}{2}abc$ (b) $abc$

(c) $2\,abc$ (d) $4\,abc$

**100.** चार संख्यायें समान्तर श्रेणी में हैं। यदि प्रथम तथा अंतिम पदों का योग 8 है तथा दोनों मध्य पदों का गुणनफल 15 है, तो श्रेणी की न्यूनतम संख्या होगी [MP PET 2001]

(a) 4 (b) 3

(c) 2 (d) 1

**101.** यदि किसी समान्तर श्रेणी के 11वें पद का दुगना, उसके 21वें पद के 7 गुने के बराबर हो, तो 25 वाँ पद होगा [J & K 2005]

(a) 24 (b) 120

(c) 0 (d) इनमें से कोई नहीं

**102.** यदि $x, y, z$ समान्तर श्रेणी में हों तथा $\tan^{-1} x, \tan^{-1} y$, $\tan^{-1} z$ भी समान्तर श्रेणी में हों, तब [Kerala (Engg.) 2005]

(a) $x = y = z$ (b) $x = y = -z$

(c) $x = 1; y = 2; z = 3$ (d) $x = 2; y = 4; z = 6$

(e) $x = 2y = 3z$

## गुणोत्तर श्रेणी

**1.** यदि $a, b, c$ गुणोत्तर श्रेणी में हों, तो

(a) $a(b^2 + a^2) = c(b^2 + c^2)$ (b) $a(b^2 + c^2) = c(a^2 + b^2)$

(c) $a^2(b+c) = c^2(a+b)$ (d) इनमें से कोई नहीं

**2.** अनुक्रम $\sqrt{2}, \sqrt{10}, 5\sqrt{2}, .......$ का 7 वाँ पद है

(a) $125\sqrt{10}$ (b) $25\sqrt{2}$

(c) 125 (d) $125\sqrt{2}$

**3.** यदि गुणोत्तर श्रेणी का चौथा, सातवाँ और दसवाँ पद क्रमशः *a*, *b* और *c* हों, तो $a, b, c$ में सम्बन्ध होगा [MNR 1995; Karnataka CET 1999]

(a) $b = \frac{a+c}{2}$ (b) $a^2 = bc$

(c) $b^2 = ac$ (d) $c^2 = ab$

**4.** यदि गुणोत्तर श्रेणी का प्रथम पद 5 और सार्वअनुपात –5 है, तो श्रेणी का कौनसा पद 3125 है

(a) 6 वाँ पद (b) 5 वाँ पद

(c) 7 वाँ पद (d) 8 वाँ पद

**5.** 2, 14, 62 में क्या जोड़ें, कि वे गुणोत्तर श्रेणी में हो जायें

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) 4

**6.** यदि किसी गुणोत्तर श्रेणी का $(p+q)$ वाँ पद $m$ है और $(p-q)$ वाँ पद $n$ है, तो श्रेणी का *p*वाँ पद होगा [RPET 1997; MP PET 1985, 99]

(a) $m/n$ (b) $\sqrt{mn}$

(c) $mn$ (d) 0

**7.** किसी गुणोत्तर श्रेणी के पद धनात्मक हैं। यदि प्रत्येक पद उसके बाद आने वाले दो पदों के योग के बराबर है, तो सार्वनिष्पत्ति होगी

(a) $\frac{\sqrt{5}-1}{2}$ (b) $\frac{1-\sqrt{5}}{2}$

(c) 1 (d) $2\sqrt{5}$

**8.** यदि $x, 2x+2, 3x+3$ गुणोत्तर श्रेणी में हों, तो चौथा पद है [MNR 1981]

(a) 27 (b) $-27$

(c) 13.5 (d) $-13.5$

**9.** यदि किसी गुणोत्तर श्रेणी के प्रथम 3 पदों का योग तथा प्रथम 6 पदों के योग का अनुपात 125 : 152 हो, तो सार्वनिष्पत्ति है

(a) $\frac{3}{5}$ (b) $\frac{5}{3}$

(c) $\frac{2}{3}$ (d) $\frac{3}{2}$

**10.** यदि $x, y, z$ गुणोत्तर श्रेणी में हों व $a^x = b^y = c^z$, तो [IIT 1966, 68]

(a) $\log_a c = \log_b a$ (b) $\log_b a = \log_c b$

(c) $\log_c b = \log_a c$ (d) इनमें से कोई नहीं

**11.** यदि किसी गुणोत्तर श्रेणी का *p*वाँ, *q*वाँ व *r*वाँ पद क्रमशः $a, b, c$ हो, तो $a^{q-r}.\, b^{r-p}.\, c^{p-q}$ = [Roorkee 1955, 63, 73; Pb. CET 1991, 95]

(a) 0 (b) 1

(c) $abc$ (d) $pqr$

**12.** यदि किसी गुणोत्तर श्रेणी का तीसरा पद 4 हो, तो इसके प्रथम 5 पदों का गुणनफल होगा [IIT 1982; RPET 1991]

(a) $4^3$ (b) $4^4$

(c) $4^5$ (d) इनमें से कोई नहीं

**13.** यदि किसी गुणोत्तर श्रेणी का 5वाँ पद $\frac{1}{3}$ हो एवं 9वाँ पद $\frac{16}{243}$ हो, तो चौथा पद होगा [MP PET 1982]

(a) $\frac{3}{4}$ (b) $\frac{1}{2}$

(c) $\frac{1}{3}$ (d) $\frac{2}{5}$

**14.** श्रेणी $2 \times 4 + 4 \times 6 + 6 \times 8 + .......$ का 20वाँ पद होगा [Pb. CET 1988]

(a) 1600 (b) 1680

(c) 420 (d) 840

**15.** यदि $a, b, c$ गुणोत्तर श्रेणी के *p*वें, *q*वें तथा *r*वें पद हैं, तब $\left(\frac{c}{b}\right)^p \left(\frac{b}{a}\right)^r \left(\frac{a}{c}\right)^q$ का मान है

(a) 1 (b) $a^p b^q c^r$

(c) $a^q b^r c^p$ (d) $a^r b^p c^q$

16. यदि किसी गुणोत्तर श्रेणी का प्रथम पद $a$, अन्तिम पद $l$ तथा सार्वअनुपात $r$ हो, तो इस श्रेणी के पदों की संख्या है

(a) $\frac{\log l - \log a}{\log r}$ (b) $1 - \frac{\log l - \log a}{\log r}$

(c) $\frac{\log a - \log l}{\log r}$ (d) $1 + \frac{\log l - \log a}{\log r}$

17. यदि $\log_x a, a^{x/2}$ व $\log_b x$ गुणोत्तर श्रेणी में हों, तब $x =$

(a) $-\log_a(\log_b a)$ (b) $-\log_a(\log_a b)$

(c) $\log_a(\log_e a) - \log_a(\log_e b)$ (d) $\log_a(\log_e b) - \log_a(\log_e a)$

18. यदि त्रिघातीय समीकरण $ax^3 + bx^2 + cx + d = 0$ के मूल गुणोत्तर श्रेणी में हैं, तब

(a) $c^3 a = b^3 d$ (b) $ca^3 = bd^3$

(c) $a^3 b = c^3 d$ (d) $ab^3 = cd^3$

19. यदि किसी गुणोत्तर श्रेणी का दसवां पद 9 तथा चौथा पद 4 हो, तो उसका सातवां पद है [MP PET 1996]

(a) 6 (b) 36

(c) $\frac{4}{9}$ (d) $\frac{9}{4}$

20. किसी गुणोत्तर श्रेणी का 6वाँ पद 32 तथा 8वाँ पद 128 है, तो श्रेणी का सार्वानुपात होगा [Pb. CET 1999]

(a) – 1 (b) 2

(c) 4 (d) – 4

21. गुणोत्तर श्रेणी $5, -\frac{5}{2}, \frac{5}{4}, -\frac{5}{8}, ...$ का $n$वाँ पद $\frac{5}{1024}$ हो, तो $n$ का मान होगा [Kerala (Engg.) 2002]

(a) 11 (b) 10

(c) 9 (d) 4

22. एक गुणोत्तर श्रेणी का तीसरा पद, पहले पद का वर्ग है। यदि दूसरा पद 8 है, तब छँठा पद है [MP PET 1997]

(a) 120 (b) 124

(c) 128 (d) 132

(c) 2485 (d) 2487

**32.** श्रेणी $\frac{1}{1.2}+\frac{1}{2.3}+\frac{1}{3.4}+..........$ के अनन्त पदों का योग होगा [MNR 1982]

(a) $\infty$ (b) 1

(c) 0 (d) इनमें से कोई नहीं

**33.** $\frac{\frac{1}{2}.\frac{2}{2}}{1^3}+\frac{\frac{2}{2}.\frac{3}{2}}{1^3+2^3}+\frac{\frac{3}{2}.\frac{4}{2}}{1^3+2^3+3^3}+.....n$ पदों तक = [EAMCET 2000]

(a) $\left(\frac{n}{n+1}\right)^2$ (b) $\left(\frac{n}{n+1}\right)^3$

(c) $\left(\frac{n}{n+1}\right)$ (d) $\left(\frac{1}{n+1}\right)$

**34.** यदि $1+\frac{1+2}{2}+\frac{1+2+3}{3}+.....$ $n$ पदों तक का योग $S$ हो, तो $S$ का मान होगा [Kerala (Engg.) 2002]

(a) $\frac{n(n+3)}{4}$ (b) $\frac{n(n+2)}{4}$

(c) $\frac{n(n+1)(n+2)}{6}$ (d) $n^2$

**35.** श्रेणी $\frac{2}{1!}+\frac{7}{2!}+\frac{15}{3!}+\frac{26}{4!}+.....$ का $n$वाँ पद है

(a) $\frac{n(3n-1)}{2(n)!}$ (b) $\frac{n(3n+1)}{2(n)!}$

(c) $\frac{n}{2}\frac{3n}{(n)!}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**36.** यदि $t_n = \frac{1}{4}(n+2)(n+3)$, $n$ = 1, 2, 3,...... के लिए, तब $\frac{1}{t_1}+\frac{1}{t_2}+\frac{1}{t_3}+....+\frac{1}{t_{2003}} =$ [EAMCET 2003]

(a) $\frac{4006}{3006}$ (b) $\frac{4003}{3007}$

(c) $\frac{4006}{3008}$ (d) $\frac{4006}{3009}$

**37.** यदि $\frac{1}{1^4}+\frac{1}{2^4}+\frac{1}{3^4}+.....+\infty=\frac{\pi^4}{90}$, तब $\frac{1}{1^4}+\frac{1}{3^4}+\frac{1}{5^4}+.....\infty$ का मान होगा [AMU 2005]

(a) $\frac{\pi^4}{96}$ (b) $\frac{\pi^4}{45}$

(c) $\frac{89}{90}\pi^4$ (d) इनमें से कोई नहीं

**38.** $\frac{1}{(1+a)(2+a)}+\frac{1}{(2+a)(3+a)}+\frac{1}{(3+a)(4+a)}+.....+\infty$ का मान है, (जहाँ $a$ एक नियतांक है) [AMU 2005]

(a) $\frac{1}{1+a}$ (b) $\frac{2}{1+a}$

(c) $\infty$ (d) इनमें से कोई नहीं

## Critical Thinking

### Objective Questions

**1.** यदि किसी चतुर्भुज के कोण समान्तर श्रेणी में हैं और उनका सार्वअन्तर $10^o$ हो, तो चतुर्भुज के कोण होंगे

(a) $65^o, 85^o, 95^o, 105^o$

(b) $75^o, 85^o, 95^o, 105^o$

(c) $65^o, 75^o, 85^o, 95^o$

(d) $65^o, 95^o, 105^o, 115^o$

**2.** यदि एक समान्तर श्रेणी के प्रथम $n$ पदों का योग उसके प्रथम $m$ पदों के योग के बराबर हो $(m \neq n)$, तो उसके $(m+n)$ पदों का योग होगा [MP PET 1984]

(a) 0 (b) $n$

(c) $m$ (d) $m+n$

3. $p, q, r$ समान्तर श्रेणी में एवं धनात्मक हैं तो वर्ग समीकरण $px^2 + qx + r = 0$ के मूल वास्तविक होंगे, यदि [IIT 1995]

(a) $\left|\frac{r}{p} - 7\right| \ge 4\sqrt{3}$

(b) $\left|\frac{p}{r} - 7\right| < 4\sqrt{3}$

(c) सभी $p$ व $r \in R$ के लिए

(d) सभी $p$ व $r$ के लिए नहीं

4. तीन समान्तर श्रेणियों के $n$ पदों के योगफल $S_1, S_2, S_3$ हैं जिनके प्रथम पद 1 और सार्वअन्तर क्रमशः 1, 2, 3 हैं, तो सत्य सम्बन्ध होगा

(a) $S_1 + S_3 = S_2$ (b) $S_1 + S_3 = 2S_2$

(c) $S_1 + S_2 = 2S_3$ (d) $S_1 + S_2 = S_3$

5. $x$ के किस मान के लिए

$\log_a x + \log_{\sqrt{a}} x + \log_{3\sqrt{a}} x + ........ + \log_{a\sqrt{a}} x = \frac{a+1}{2}$ होगा

(a) $x = a$ (b) $x = a^a$

(c) $x = a^{-1/a}$ (d) $x = a^{1/a}$

6. जयराम एक मकान को 15000 रूपये मूल्य पर खरीदता है तथा 5000 रूपये एक बार में जमा करता है। शेष रूपयों को 1000 रूपये वार्षिक किस्त पर 10% ब्याज के साथ चुकाता है, तब वह कितना पैसा चुकायेगा [UPSEAT 1999]

(a) 21555 रूपये (b) 20475रूपये

(c) 20500 रूपये (d) 20700 रूपये

7. $S_1, S_2, ........$ इस प्रकार के वर्ग (squares) हैं कि $n \ge 1$ के प्रत्येक मान के लिए वर्ग $S_n$ की एक भुजा की लम्बाई, वर्ग $S_{n+1}$ के विकर्ण की लम्बाई के बराबर है। यदि $S_1$ की एक भुजा की लम्बाई 10 सेमी है, तो $n$ के निम्नलिखित कौन कौन से मानों के लिए वर्ग $S_n$ का क्षेत्रफल 1 वर्ग सेमी से कम होगा [IIT 1999]

(a) 7 (b) 8

(c) 9 (d) 10

8. यदि $m$ समान्तर श्रेणियों के $n$ पदों के योग क्रमशः $S_1, S_2, S_3, ...... S_m$ हैं और इनके प्रथम पद $1, 2, 3, ....., m$ और सार्वअन्तर क्रमशः $1, 3, 5, ...... 2m-1$ हों, तो $S_1 + S_2 + S_3 + ....... + S_m$ का मान है

(a) $\frac{1}{2}mn(mn+1)$ (b) $mn(m+1)$

(c) $\frac{1}{4}mn(mn-1)$ (d) इनमें से कोई नहीं

9. यदि $a_1, a_2, a_3, ...... a_{24}$ समान्तर श्रेणी में हैं तथा $a_1 + a_5 + a_{10} + a_{15} + a_{20} + a_{24} = 225$, तो $a_1 + a_2 + a_3 + ........ + a_{23} + a_{24} =$

[MP PET 1999; AMU 1997]

(a) 909 (b) 75

(c) 750 (d) 900

10. यदि समीकरण $x^3 - 12x^2 + 39x - 28 = 0$ के मूल समान्तर श्रेणी में हों, तो श्रेणी का सार्वान्तर होगा

[UPSEAT 1994, 99, 2001; RPET 2001]

(a) $\pm 1$ (b) $\pm 2$

(c) $\pm 3$ (4) $\pm 4$

11. यदि गुणोत्तर श्रेणी $a_1, a_2, a_3, .........$ का प्रथम पद इकाई इस प्रकार है कि $4a_2 + 5a_3$ न्यूनतम है, तब गुणोत्तर श्रेणी का सार्व-अनुपात है

(a) $-\frac{2}{5}$ (b) $-\frac{3}{5}$

(c) $\frac{2}{5}$ (d) इनमें से कोई नहीं

12. यदि किसी गुणोत्तर श्रेणी के $n$ पदों का योग $S$ एवं गुणनफल $P$ है तथा उनके व्युत्क्रमों का योग $R$ है, तो $P^2$ का मान है

[IIT 1966; Roorkee 1981]

(a) $\frac{R}{S}$ (b) $\frac{S}{R}$

(c) $\left(\frac{R}{S}\right)^n$ (d) $\left(\frac{S}{R}\right)^n$

13. माना $n(>1)$ एक धनात्मक पूर्णांक है, तो वह सबसे बड़ा पूर्णांक $m$ जिसके लिए $(n^m + 1), (1 + n + n^2 + ....... + n^{127})$ को विभाजित करता है, होगा [IIT 1995]

(a) 32 (b) 63

(c) 64 (d) 127

14. एक गुणोत्तर श्रेणी में पदों की संख्या सम है। यदि सभी पदों का योगफल विषम स्थान वाले पदों के योगफल का 5 गुना है, तब सार्व-अनुपात होगा

(a) 2 (b) 3

(c) 4 (d) 5

15. यदि $x, y \in N$ के सभी मानों के लिये $f(x+y) = f(x)f(y)$ को सन्तुष्ट करने वाला एक फलन $f(x)$ इस प्रकार है कि $f(1) = 3$ तथा $\sum_{x=1}^{n} f(x) = 120$, तब $n$ का मान है [IIT 1992]

(a) 4 (b) 5

(c) 6 (d) इनमें से कोई नहीं

16. यदि दो संख्याएँ $a$ और $b$ के बीच $n$ गुणोत्तर माध्य $G_1, G_2, ..... G_n$ तथा एक माध्य $G$ हो, तो सत्य सम्बन्ध है

(a) $G_1.G_2........ G_n = G$ (b) $G_1.G_2........ G_n = G^{1/n}$

(c) $G_1.G_2........ G_n = G^n$ (d) $G_1.G_2........ G_n = G^{2/n}$

17. $\alpha, \beta$ समीकरण $x^2 - 3x + a = 0$ के मूल हैं और $\gamma, \delta$ समीकरण $x^2 - 12x + b = 0$ के मूल हैं। यदि $\alpha, \beta, \gamma, \delta$ एक वर्धमान गुणोत्तर श्रेणी बनाते हों, तो $(a, b) =$ [DCE 2000]

(a) (3, 12) (b) (12, 3)

(c) (2, 32) (d) (4, 16)

18. $2.\dot{3}\dot{5}\dot{7} =$ [IIT 1983; RPET 1995]

(a) $\frac{2355}{1001}$ (b) $\frac{2370}{997}$

(c) $\frac{2355}{999}$ (d) इनमें से कोई नहीं

19. $1+\cos\alpha+\cos^2\alpha+.......\infty = 2-\sqrt{2}$, तब $\alpha$ $(0<\alpha<\pi)$ का मान होगा [Roorkee 2000; AMU 2005]

(a) $\frac{\pi}{8}$ (b) $\frac{\pi}{6}$

(c) $\frac{\pi}{4}$ (d) $\frac{3\pi}{4}$

20. अनन्त गुणोत्तर श्रेणी का प्रथम पद $x$ और उसका योग 5 है, तब [IIT Screening 2004]

(a) $0 \le x \le 10$ (b) $0 < x < 10$

(c) $-10 < x < 0$ (d) $x > 10$

21. यदि $a, b, c$ हरात्मक श्रेणी में हैं, तो $\left(\frac{1}{b}+\frac{1}{c}-\frac{1}{a}\right)\left(\frac{1}{c}+\frac{1}{a}-\frac{1}{b}\right)$ का मान है [MP PET 1998; Pb. CET 2000]

(a) $\frac{2}{bc}+\frac{1}{b^2}$ (b) $\frac{3}{c^2}+\frac{2}{ca}$

(c) $\frac{3}{b^2}-\frac{2}{ab}$ (d) इनमें से कोई नहीं

22. यदि समीकरण $(1-ab)x^2-(a^2+b^2)x-(1+ab)=0$ का मूल $m$ हो तथा $a$ व $b$ के बीच $m$ हरात्मक माध्य रखे जायें, तब अन्तिम हरात्मक माध्य व प्रथम हरात्मक माध्य का अन्तर है

(a) $b-a$ (b) $ab(b-a)$

(c) $a(b-a)$ (d) $ab(a-b)$

23. एक छात्र घर से विद्यालय की ओर $x$ किमी/घण्टा की रफ्तार से जाता है तथा $y$ किमी/घण्टा की रफ्तार से वापस आता है, तब औसत वेग निम्न द्वारा प्रदर्शित होगा [DCE 2002]

(a) समान्तर माध्य (b) गुणोत्तर माध्य

(c) हरात्मक माध्य (d) इनमें से कोई नहीं

24. यदि $a, b, c, d$ हरात्मक श्रेणी में हैं, तो

(a) $a^2+c^2 > b^2+d^2$

(b) $a^2+d^2 > b^2+c^2$

(c) $ac+bd > b^2+c^2$

(d) $ac+bd > b^2+d^2$

25. यदि $a, b, c$ धनात्मक पूर्णांक हों, तो $(a+b)(b+c)(c+a)$ है [DCE 2000]

(a) $< 8abc$ (b) $> 8abc$

(c) $= 8abc$ (d) इनमें से कोई नहीं

26. किसी गुणोत्तर श्रेणी में तीन संख्याओं का योग 14 है। यदि प्रथम दो संख्याओं में 1 जोड़ दिया जाए एवं तीसरी में से 1 घटा दिया जाए तो श्रेणी समान्तर श्रेणी बन जाती है, तो सबसे बड़ी संख्या होगी

(a) 8 (b) 4

(c) 24 (d) 16

27. यदि $a, b, c$ गुणोत्तर श्रेणी में हों तथा $\log a-\log 2b$, $\log 2b-\log 3c$ एवं $\log 3c-\log a$ समान्तर श्रेणी में हों, तब $a, b, c$ एक ऐसे त्रिभुज की भुजायें होंगी, जो कि

(a) न्यूनकोणीय है (b) अधिककोणीय है

(c) समकोणीय है (d) समबाहु है

28. यदि $A_1, A_2; G_1, G_2$ तथा $H_1, H_2$ दो संख्याओं के मध्य क्रमशः समांतर माध्य, गुणोत्तर माध्य तथा हरात्मक माध्य हों, तब $\frac{G_1G_2}{H_1H_2}$ का मान होगा [Roorkee 1983; AMU 2000]

(a) $\frac{A_1+A_2}{H_1+H_2}$ (b) $\frac{A_1-A_2}{H_1+H_2}$

(c) $\frac{A_1+A_2}{H_1-H_2}$ (d) $\frac{A_1-A_2}{H_1-H_2}$

29. दो संख्याओं का हरात्मक माध्य 4 है। यदि समान्तर माध्य व गुणोत्तर माध्य सम्बन्ध $2A+G^2=27$ को संतुष्ट करते हैं, तो संख्यायें हैं, (जहाँ $A$= समान्तर माध्य, $G$= गुणोत्तर माध्य) [MNR 1987; UPSEAT 1999, 2000]

(a) 6, 3 (b) 5, 4

(c) 5, – 2.5 (d) –3, 1

30. यदि दो संख्याओं का समान्तर माध्य उनके गुणोत्तर माध्य से 2 अधिक है एवं संख्याओं का अनुपात $4:1$ है, तो संख्यायें हैं [RPET 1988]

(a) 4, 1 (b) 12, 3

(c) 16, 4 (d) इनमें से कोई नहीं

31. यदि किसी द्विघात समीकरण के मूलों का समान्तर माध्य व गुणोत्तर माध्य क्रमशः 8 व 5 हों, तो द्विघात समीकरण होगा [Pb. CET 1990]

(a) $x^2-16x-25=0$

(b) $x^2-8x+5=0$

(c) $x^2-16x+25=0$

(d) $x^2+16x-25=0$

32. दो संख्याओं के बीच समान्तर माध्य, हरात्मक माध्य व गुणोत्तर माध्य $\frac{144}{15}$, 15 व 12 हैं लेकिन यह क्रम आवश्यक नहीं है, तब हरात्मक माध्य, गुणोत्तर माध्य व समान्तर माध्य क्रमशः होंगे

(a) $15, 12, \frac{144}{15}$ (b) $\frac{144}{15}, 12, 15$

(c) $12, 15, \frac{144}{15}$ (d) $\frac{144}{15}, 15, 12$

**33.** यदि $b$ और $c$ का समान्तर माध्य $a$ है तथा $G_1, G_2$ उनके बीच दो गुणोत्तर माध्य हैं, तब $G_1^3 + G_2^3 =$

(a) $G_1G_2a$ (b) $2G_1G_2a$

(c) $3G_1G_2a$ (d) इनमें से कोई नहीं

**34.** तीन संख्यायें गुणोत्तर श्रेणी में हैं। यदि तीसरे पद में से 64 घटाया जाये तो ये तीन संख्यायें समान्तर श्रेणी में होंगी। यदि इस समान्तर श्रेणी के दूसरे पद में से 8 घटाया जाये तो पुनः ये संख्यायें गुणोत्तर श्रेणी में प्राप्त होती हैं। संख्यायें होंगी

(a) 4, 20, 36 (b) 4, 12, 36

(c) 4, 20, 100 (d) इनमें से कोई नहीं

**35.** यदि $x > 1, y > 1, z > 1$ गुणोत्तर श्रेणी में (G.P) हों, तो $\frac{1}{1+\ln x}, \frac{1}{1+\ln y}, \frac{1}{1+\ln z}$ होंगे

[IIT 1998; UPSEAT 2001]

(a) समान्तर श्रेणी में

(b) हरात्मक श्रेणी में

(c) गुणोत्तर श्रेणी में

(d) इनमें से कोई नहीं

**36.** संख्याओं $x$ व $y$ के मध्य $a, g, h$ क्रमशः समांतर माध्य, गुणोत्तर माध्य तथा हरात्मक माध्य हैं, तब निम्न कथन सत्य होगा

[Karnataka CET 2001]

(a) $a$ व $g$ के मध्य $h$ हरात्मक माध्य होगा

(b) $a, g, h$ के मध्य कोई संबंध नहीं होगा

(c) $a$ व $h$ के मध्य $g$ गुणोत्तर माध्य होगा

(d) $g$ व $h$ के मध्य $a$ समांतर माध्य होगा

**37.** $2^{\sin\theta} + 2^{\cos\theta}$ निम्न में किस संख्या से बड़ा है [AMU 2000]

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\sqrt{2}$

(c) $2^{\frac{1}{\sqrt{2}}}$ (d) $2^{\left(1-\frac{1}{\sqrt{2}}\right)}$

**38.** यदि $a, b, c, d$ धनात्मक वास्तविक संख्यायें इस प्रकार हैं कि $a+b+c+d = 2$, तब $M = (a+b)(c+d)$ निम्न संबंध को संतुष्ट करता है [IIT Screening 2000]

(a) $0 < M \le 1$ (b) $1 \le M \le 2$

(c) $2 \le M \le 3$ (d) $3 \le M \le 4$

**39.** माना $a, b, c$ समान्तर श्रेणी में तथा $a^2, b^2, c^2$ गुणोत्तर श्रेणी में हैं। यदि $a < b < c$ तथा $a+b+c = \frac{3}{2}$, तब $a$ का मान होगा

[IIT Screening 2002]

(a) $\frac{1}{2\sqrt{2}}$ (b) $\frac{1}{2\sqrt{3}}$

(c) $\frac{1}{2} - \frac{1}{\sqrt{3}}$ (d) $\frac{1}{2} - \frac{1}{\sqrt{2}}$

**40.** श्रेणी $\left(1 + \frac{4}{5} + \frac{7}{5^2} + \frac{10}{5^3} + ....\right)$ का $n$वाँ पद होगा

(a) $\frac{3n+1}{5^{n-1}}$ (b) $\frac{3n-1}{5^n}$

(c) $\frac{3n-2}{5^{n-1}}$ (d) $\frac{3n+2}{5^{n-1}}$

**41.** श्रेणी $\frac{1}{1+1^2+1^4} + \frac{2}{1+2^2+2^4} + \frac{3}{1+3^2+3^4} + .........$ $n$ पदों तक का योगफल है

(a) $\frac{n(n^2+1)}{n^2+n+1}$ (b) $\frac{n(n+1)}{2(n^2+n+1)}$

(c) $\frac{n(n^2-1)}{2(n^2+n+1)}$ (d) इनमें से कोई नहीं

**42.** किसी विषम पूर्णांक $n \ge 1$ के लिये,

$n^3 - (n-1)^3 + .......... + (-1)^{n-1}1^3 =$ [IIT 1996]

(a) $\frac{1}{2}(n-1)^2(2n-1)$

(b) $\frac{1}{4}(n-1)^2(2n-1)$

(c) $\frac{1}{2}(n+1)^2(2n-1)$

(d) $\frac{1}{4}(n+1)^2(2n-1)$

**43.** अनुक्रम $\frac{1}{1+\sqrt{3}} + \frac{1}{\sqrt{3}+\sqrt{5}} + \frac{1}{\sqrt{5}+\sqrt{7}} + .........$ के $n$ पदों का योग होगा [UPSEAT 2002]

(a) $\sqrt{2n+1}$ (b) $\frac{1}{2}\sqrt{2n+1}$

(c) $\sqrt{2n+1} - 1$ (d) $\frac{1}{2}(\sqrt{2n+1} - 1)$

**44.** श्रेणी $\frac{1^3}{1} + \frac{1^3+2^3}{1+3} + \frac{1^3+2^3+3^3}{1+3+5} + ......$ का $n$ वाँ पद होगा

[Pb. CET 2000]

(a) $n^2+2n+1$ (b) $\frac{n^2+2n+1}{8}$

(c) $\frac{n^2+2n+1}{4}$ (d) $\frac{n^2-2n+1}{4}$

**45.** अनुक्रम

$\frac{1}{\sqrt{1}+\sqrt{2}} + \frac{1}{\sqrt{2}+\sqrt{3}} + \frac{1}{\sqrt{3}+\sqrt{4}} + ... + \frac{1}{\sqrt{n^2-1}+\sqrt{n^2}}$

का योग होगा

(a) $\frac{(2n+1)}{\sqrt{n}}$ (b) $\frac{\sqrt{n}+1}{\sqrt{n}+\sqrt{n-1}}$

(c) $\frac{(n+\sqrt{n^2-1})}{2\sqrt{n}}$ (d) $n-1$

# Answers

## समान्तर श्रेणी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | c | 2 | b | 3 | a | 4 | b | 5 | a |
| 6 | a | 7 | c | 8 | c | 9 | b | 10 | b |
| 11 | a | 12 | a | 13 | b | 14 | c | 15 | b |
| 16 | c | 17 | d | 18 | b | 19 | a | 20 | d |
| 21 | d | 22 | c | 23 | a | 24 | b | 25 | c |
| 26 | c | 27 | a | 28 | a | 29 | c | 30 | c |
| 31 | b | 32 | d | 33 | c | 34 | d | 35 | c |
| 36 | c | 37 | d | 38 | a | 39 | a, c | 40 | c |
| 41 | c | 42 | a | 43 | b | 44 | b | 45 | b |
| 46 | c | 47 | a | 48 | a | 49 | d | 50 | c |
| 51 | a | 52 | a | 53 | c | 54 | c | 55 | a |
| 56 | c | 57 | c | 58 | d | 59 | a | 60 | a |
| 61 | d | 62 | c | 63 | c | 64 | d | 65 | b |
| 66 | d | 67 | b | 68 | a | 69 | b | 70 | d |
| 71 | b | 72 | d | 73 | b | 74 | d | 75 | b |
| 76 | a | 77 | b | 78 | a | 79 | b | 80 | c |
| 81 | d | 82 | a | 83 | b | 84 | a | 85 | b |
| 86 | b | 87 | c | 88 | b | 89 | b | 90 | c |
| 91 | a | 92 | c | 93 | b | 94 | b | 95 | a |
| 96 | b | 97 | e | 98 | b | 99 | d | 101 | d |
| 101 | c | 102 | a | | | | | | |

## गुणोत्तर श्रेणी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | b | 2 | d | 3 | c | 4 | b | 5 | b |
| 6 | b | 7 | a | 8 | d | 9 | a | 10 | b |
| 11 | b | 12 | c | 13 | b | 14 | b | 15 | a |
| 16 | d | 17 | c | 18 | a | 19 | a | 20 | b |
| 21 | a | 22 | c | 23 | b | 24 | d | 25 | a |
| 26 | a | 27 | a | 28 | b | 29 | b | 30 | d |
| 31 | b | 32 | a | 33 | c | 34 | b | 35 | c |
| 36 | b | 37 | c | 38 | b | 39 | a | 40 | d |
| 41 | a | 42 | b | 43 | d | 44 | a | 45 | c |
| 46 | b | 47 | b | 48 | c | 49 | b | 50 | a |
| 51 | b | 52 | d | 53 | b | 54 | a | 55 | c |
| 56 | a | 57 | b | 58 | a | 59 | b | 60 | d |
| 61 | b | 62 | a | 63 | c | 64 | a | 65 | d |
| 66 | b | 67 | c | 68 | b | 69 | b | 70 | d |
| 71 | d | 72 | a | 73 | d | 74 | d | 75 | a |
| 76 | a | 77 | a | 78 | a | 79 | b | 80 | c |
| 81 | a | 82 | c | 83 | d | 84 | a | 85 | b |
| 86 | c | 87 | b | 88 | c | | | | |

## हरात्मक श्रेणी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | c | 2 | d | 3 | d | 4 | c | 5 | b |
| 6 | a | 7 | b | 8 | d | 9 | a | 10 | d |
| 11 | d | 12 | c | 13 | b | 14 | b | 15 | a |
| 16 | c | 17 | d | 18 | c | 19 | a | 20 | b |
| 21 | b | 22 | c | 23 | c | | | | |

## समान्तर माध्य, गुणोत्तर माध्य तथा हरात्मक माध्य में सम्बन्ध

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | a | 2 | d | 3 | b | 4 | d | 5 | c |
| 6 | c | 7 | a | 8 | a | 9 | c | 10 | b |
| 11 | a | 12 | c | 13 | c | 14 | b | 15 | c |
| 16 | d | 17 | c | 18 | b | 19 | c | 20 | a |
| 21 | c | 22 | c | 23 | d | 24 | c | 25 | a |
| 26 | c | 27 | a | 28 | b | 29 | b | 30 | a |
| 31 | c | 32 | b | 33 | a | 34 | c | 35 | b |
| 36 | a | 37 | d | 38 | b | 39 | d | 40 | d |
| 41 | b | 42 | c | 43 | b | 44 | d | 45 | b |
| 46 | b | 47 | c | 48 | d | 49 | b | 50 | c |
| 51 | d | 52 | d | 53 | b | 54 | b | 55 | c |
| 56 | b | 57 | a | 58 | c | 59 | b | 60 | c,d |
| 61 | a | 62 | c | 63 | c | 64 | c | 65 | c |
| 66 | c | 67 | c | 68 | a | 69 | c | 70 | a |
| 71 | d | 72 | c | 73 | c | 74 | b | 75 | a |
| 76 | b | 77 | d | 78 | a | 79 | d | 80 | a |
| 81 | a | 82 | c | 83 | b | 84 | d | 85 | b |
| 86 | c | 87 | a | 88 | b | 89 | d | 90 | a |
| 91 | a | 92 | a | 93 | a | 94 | a | 95 | a |
| 96 | b | | | | | | | | |

## समान्तरीय गुणोत्तर श्रेणी, अन्तर विधि

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | d | 2 | d | 3 | d | 4 | d | 5 | b |
| 6 | b | 7 | d | 8 | d | 9 | d | 10 | c |
| 11 | a | 12 | c | 13 | a | 14 | b | 15 | a |
| 16 | a | 17 | a | | | | | | |

## *n* वें पदों की विशेष श्रेणियाँ, *n* पदों का योग और अनन्त पदों का योग

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | d | 2 | c | 3 | b | 4 | b | 5 | d |
| 6 | a | 7 | c | 8 | b | 9 | b | 10 | a |
| 11 | b | 12 | c | 13 | c | 14 | b | 15 | d |
| 16 | b | 17 | a | 18 | a | 19 | a | 20 | a |
| 21 | c | 22 | a | 23 | d | 24 | c | 25 | b |
| 26 | b | 27 | a | 28 | b | 29 | d | 30 | c |
| 31 | c | 32 | b | 33 | c | 34 | a | 35 | b |
| 36 | d | 37 | a | 38 | a | | | | |

## Critical Thinking Questions

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | b | 2 | a | 3 | a | 4 | b | 5 | d |
| 6 | c | 7 | b,c,d | 8 | a | 9 | d | 10 | c |
| 11 | a | 12 | d | 13 | c | 14 | c | 15 | a |
| 16 | c | 17 | c | 18 | c | 19 | d | 20 | b |
| 21 | c | 22 | b | 23 | c | 24 | c | 25 | b |
| 26 | a | 27 | b | 28 | a | 29 | a | 30 | c |
| 31 | c | 32 | b | 33 | b | 34 | c | 35 | b |
| 36 | c | 37 | d | 38 | a | 39 | d | 40 | c |
| 41 | b | 42 | d | 43 | d | 44 | c | 45 | d |

# Answers and Solutions

## समान्तर श्रेणी

1. (c) सार्व-अन्तर $d = \frac{6}{\sqrt{7}} - \frac{5}{\sqrt{7}} = \frac{1}{\sqrt{7}} = \sqrt{7} - \frac{6}{\sqrt{7}}$.
अतः दी गई श्रेणी समान्तर श्रेणी है।

2. (b) दी गई श्रेणी
$\left(3 - \frac{1}{n}\right) + \left(3 - \frac{2}{n}\right) + \left(3 - \frac{3}{n}\right) + ........$ (समान्तर श्रेणी में)
अतः सार्वान्तर
$d = \left(3 - \frac{2}{n}\right) - \left(3 - \frac{1}{n}\right) = -\frac{1}{n}$ एवं प्रथम पद $a = \left(3 - \frac{1}{n}\right)$
$\therefore$ श्रेणी का $p$ वाँ पद $= a + (p-1)d$
$= \left(3 - \frac{1}{n}\right) + (p-1)\left(-\frac{1}{n}\right) = 3 - \frac{1}{n} + \frac{1}{n} - \frac{p}{n} = \left(3 - \frac{p}{n}\right)$.
**ट्रिक :** इस प्रश्न को निरीक्षण से हल कर सकते हैं, अर्थात पहला पद $= -\frac{1}{n}$, दूसरा पद $= -\frac{2}{n}$, तीसरा पद $= -\frac{3}{n}$.
इसलिये, $p$ वाँ पद $= -\frac{p}{n}$ होगा। अतः अभीष्ट परिणाम प्राप्त होता है, ($\because$ 3 अचर है)।

3. (a) स्पष्टतः, दी गयी श्रेणी $2\sqrt{2} + \sqrt{2} + 0 + .......$ एक समान्तर श्रेणी है। यहाँ $a = 2\sqrt{2}, d = -\sqrt{2}$
अतः श्रेणी का 8 वाँ पद $= 2\sqrt{2} + (8-1)(-\sqrt{2}) = -5\sqrt{2}$ .

4. (b) दिया गया है, 9 वाँ पद $= a + (9-1)d = 0 \Rightarrow a + 8d = 0$
अब 29 वें तथा 19 वें पदों का अनुपात
$= \frac{a + 28d}{a + 18d} = \frac{(a+8d) + 20d}{(a+8d) + 10d} = \frac{20d}{10d} = \frac{2}{1}$.

5. (a) अनुक्रम $f(n) = an + b; n \in N$ एक समान्तर श्रेणी है।
$n = 1, 2, 3, 4, ..........$ रखने पर,
अनुक्रम $(a+b), (2a+b), (3a+b), .........$ प्राप्त होता है जो कि एक समान्तर श्रेणी है तथा जिसका प्रथम पद $(A) = (a+b)$ एवं सार्वअन्तर $d = a$ है।
**वैकल्पिक:** जैसा कि हम पढ़ चुके हैं कि एक समान्तर श्रेणी का $n$ वाँ पद $an + b, \forall n \in N$ के रूप का होता है।

6. (a) दिया गया अनुक्रम
$(-8 + 18i), (-6 + 15i), (-4 + 12i), (-2 + 9i), (0 + 6i), ........$ है।
स्पष्टतः, 5वाँ पद पूर्णतः काल्पनिक है।

7. (c) दिया है, $T_n = 2n - 1$
प्रथम पद $a = 2.1 - 1 = 1$
द्वितीय पद $b = 2 . 2 - 1 = 3$
तृतीय पद $c = 2 . 3 - 1 = 5$
अतः अनुक्रम $1, 3, 5, ....... 2n - 1$ है।
अब, प्रथम $n$ पदों का योग $S_n = \frac{n}{2}[a + l]$
$= \frac{n}{2}[1 + 2n - 1] = \frac{n}{2} . 2n = n^2$ .
**वैकल्पिक :** अतः $T_n = 2n - 1$
$\Rightarrow S_n = \Sigma T_n = 2\Sigma n - \Sigma 1 = n(n+1) - n = n^2$ .

8. (c) दी गयी श्रेणी
$(1 \times 3) + (3 \times 5) + (5 \times 7) + (7 \times 9) + ....... + (2n-1)(2n+1)$ है
अतः $n$ वाँ पद $= (2n+1)(2n-1)$, (निरीक्षण द्वारा).

9. (b) दी गयी श्रेणी $101 + 99 + 97 + ......... + 47$ है
अतः प्रथम पद $a = 101$, सार्वअन्तर $d = -2$ एवं अंतिम पद $l = 47$
हम जानते हैं, कि श्रेणी का अंतिम पद
$T_l = a + (n-1)d \Rightarrow 47 = 101 + (n-1)(-2)$
$\Rightarrow -54 = (n-1)(-2) \Rightarrow n = 28$ .

10. (b) दिया है , $T_p = a + (p-1)d = q$ ......(i)
एवं $T_q = a + (q-1)d = p$ ..... (ii)
(i) और (ii) से, $d = -\frac{(p-q)}{(p-q)} = -1$
$d$ का मान (i) में रखने पर, $a = p + q - 1$
अब, समान्तर श्रेणी का $r$ वाँ पद
$= T_r = a + (r-1)d = (p + q - 1) + (r-1)(-1) = p + q - r$
**नोट :** इस प्रश्न को विद्यार्थी सूत्र की तरह याद रखें।

11. (a) $\tan n\theta = \tan m\theta \Rightarrow n\theta = N\pi + (m\theta)$
$\Rightarrow \theta = \frac{N\pi}{n-m}$, $N = 1, 2, 3.........$ रखने पर,
$\frac{\pi}{n-m}, \frac{2\pi}{n-m}, \frac{3\pi}{n-m}.........$ जो कि स्पष्टतः समान्तर श्रेणी में हैं, जिसका सार्वअन्तर $d = \frac{\pi}{n-m}$ है।

12. (a) दी गयी श्रेणी है, $3.8 + 6.11 + 9.14 + 12.17 + .....$
प्रथम श्रेणी 3, 6, 9, 12 जिसका $n$ वाँ पद $3n$ है। द्वितीय श्रेणी 8, 11, 14, 17 का $n$ वाँ पद $= t_n = [8 + (n-1)3] = (3n + 5)$
अतः अभीष्ट श्रेणी का $n$ वाँ पद $= 3n(3n + 5)$.

13. (b) 1 से 100 तक की 2 या 5 से विभाजित संख्याओं का योग = (2से विभाजित संख्याओं का योग) + (5 से विभाजित संख्याओं का योग) – (2 व 5 से विभाजित संख्याओं का योग)
$= (2 + 4 + 6 + ...... + 100) + (5 + 10 + 15....... + 100)$
$-(10 + 20 + 30 + ........ + 100)$
$= \frac{50}{2}\{2 \times 2 + (50-1)2\} + \frac{20}{2}\{2 \times 5 + (20-1)5\}$
$-\frac{10}{2}\{10 \times 2 + (10-1)10\}$
$= 2550 + 1050 - 550 = 3050$ .

14. (c) दी गयी श्रेणियाँ $63 + 65 + 67 + 69 + ......$ .....(i)
एवं $3 + 10 + 17 + 24 + ......$ हैं ..... (ii)
अब (i) से, $m$ वाँ पद $= (2m + 61)$ तथा
(ii) से, $m$ वाँ पद $= (7m - 4)$
प्रश्नानुसार,
$\Rightarrow 7m - 4 = 2m + 61 \Rightarrow 5m = 65 \Rightarrow m = 13$ .

**15.** (b) $\sqrt{2}+\sqrt{8}+\sqrt{18}+\sqrt{32}+......$

$=1\sqrt{2}+2\sqrt{2}+3\sqrt{2}+4\sqrt{2}+........$

$=\sqrt{2}[1+2+3+4+..........$ 24 पदों तक]

$=\sqrt{2}\times\frac{24\times 25}{2}=300\sqrt{2}$.

**16.** (c) $2x,\ x+8,\ 3x+1$ समान्तर श्रेणी में हैं

अतः $(x+8)=\frac{(2x)+(3x+1)}{2}=\frac{5x+1}{2}$

$\Rightarrow\ 2x+16=5x+1\ \Rightarrow\ 3x=15\ \Rightarrow\ x=5$.

**17.** (d) दिया है, $S_n=nA+n^2B$

$n=1,2,3,..........\ ...$, रखने पर,

$S_1=A+B, S_2=2A+4B,\ S_3=3A+9B$

............................................................

............................................................

अतः $T_1=S_1=A+B, T_2=S_2-S_1=A+3B$,

$T_3=S_3-S_2=A+5B$,

............................................................

............................................................

अतः श्रेणी $(A+B),(A+3B),(A+5B),........$ होगी,

जहाँ $a=A+B$ एवं सार्वअन्तर $d=2B$.

**18.** (b) $T_9=a+8d=35$ और $T_{19}=a+18d=75$

इन समीकरणों को हल करने पर, $d=4$ और $a=3$

अतः समान्तर श्रेणी का 20 वाँ पद

$=a+19d=3+19\times 4=79$.

**19.** (a) दी गयी श्रेणी है, $27+9+5\,.\frac{2}{5}+3\,.\frac{6}{7}+......$

$=27+\frac{27}{3}+\frac{27}{5}+\frac{27}{7}+.....+\frac{27}{2n-1}+......$

अतः दी गयी श्रेणी का $n$वाँ पद $T_n=\frac{27}{2n-1}$

$\therefore\ T_9=\frac{27}{2\times 9-1}=\frac{27}{17}=1\frac{10}{17}$.

**20.** (d) यदि $a,b,c$ समान्तर श्रेणी में हैं, तब $2b=a+c$

इसलिये, $\frac{(a-c)^2}{(b^2-ac)}=\frac{(a-c)^2}{\left\{\left(\frac{a+c}{2}\right)^2-ac\right\}}$

$=\frac{(a-c)^2 4}{[a^2+c^2+2ac-4ac]}=\frac{4(a-c)^2}{(a-c)^2}=4$.

**ट्रिक :** $a=1,b=2,c=3$ रखने पर, अभीष्ट मान $\frac{4}{1}=4$.

**21.** (d) $\log_3 2, \log_3(2^x-5)$ एवं $\log_3\left(2^x-\frac{7}{2}\right)$ समान्तर श्रेणी में हैं, अतः $2\log_3(2^x-5)=\log_3(2)\left(2^x-\frac{7}{2}\right)$

$\Rightarrow\ (2^x-5)^2=2^{x+1}-7$

$\Rightarrow\ 2^{2x}-12\,.\,2^x-32=0\ \Rightarrow\ x=2,3$

परन्तु $x=2$ संतुष्ट नहीं करता अतः $x=3$ होगा।

**22.** (c) माना समान्तर श्रेणी के प्रथम पद एवं सार्वअन्तर क्रमशः $A$ व $D$ हैं।

अब $p$वाँ पद $=A+(p-1)D=a$ .....(i)

$q$ वाँ पद $=A+(q-1)D=b$ ......(ii)

एवं $r$ वाँ पद $=A+(r-1)D=c$ .....(iii)

अतः $a(q-r)+b(r-p)+c(p-q)$

$=a\left\{\frac{b-c}{D}\right\}+b\left\{\frac{c-a}{D}\right\}+c\left\{\frac{a-b}{D}\right\}$

$=\frac{1}{D}(ab-ac+bc-ab+ca-bc)=0$.

**23.** (a) अभीष्ट अनुपात $=\frac{44}{99}=\frac{4}{9}$.

**24.** (b) स्पष्टतः, $a_3=a_2-1=2-1=1$

$a_4=a_3-1=1-1=0$

$a_5=a_4-1=0-1=-1$.

**25.** (c) यदि समान्तर श्रेणी का सार्वअन्तर $D$ है, तब

$a-4b+6c-4d+e=$

$a-4(a+D)+6(a+2D)-4(a+3D)+(a+4D)=0$.

**26.** (c) यदि समान्तर श्रेणी का प्रथम पद $a$ तथा सार्वअन्तर $x$ है, तब

$a+5x=2\ \Rightarrow\ a=2-5x$

माना $P=a_1a_4a_5=a(a+3x)(a+4x)$

$=(2-5x)(2-2x)(2-x)=2(-5x^3+17x^2-16x+4)$

अब $\frac{dP}{dx}=0\ \Rightarrow\ x=\frac{8}{5},\frac{2}{3}$.

स्पष्टतः, $x=\frac{2}{3}$ के लिये $\frac{d^2P}{dx^2}>0$

अतः $x=\frac{2}{3}$ के लिए $P$ न्यूनतम है।

**27.** (a) $p\{a+(p-1)d\}=q\{a+(q-1)d\}$

$\Rightarrow\ a(p-q)+(p^2-q^2)d+(q-p)d=0$

$\Rightarrow\ (p-q)\{a+(p+q-1)d\}=0$

$\Rightarrow\ a+(p+q-1)d=0\ \Rightarrow\ T_{p+q}=0$, $\{\because p\neq q\}$.

**28.** (a) $\frac{S_{n_1}}{S_{n_2}}=\frac{2n+3}{6n+5}$

$\Rightarrow\ \frac{\frac{n}{2}[2a_1+(n-1)d_1]}{\frac{n}{2}[2a_2+(n-1)d_2]}=\frac{2n+3}{6n+5}$

$\Rightarrow\ \frac{2\left[a_1+\left(\frac{n-1}{2}\right)d_1\right]}{2\left[a_2+\left(\frac{n-1}{2}\right)d_2\right]}=\frac{2n+3}{6n+5}$

$\Rightarrow\ \frac{a_1+\left(\frac{n-1}{2}\right)d_1}{a_2+\left(\frac{n-1}{2}\right)d_2}=\frac{2n+3}{6n+5}$

$n = 25$ रखने पर, $\frac{a_1 + 12d_1}{a_2 + 12d_2} = \frac{2(25)+3}{6(25)+3} \Rightarrow \frac{T_{13_1}}{T_{13_2}} = \frac{53}{155}$.

**29.** (c) $a_{m+k} = A + (m+k-1)D$ .....(i)

एवं $a_{m-k} = A + (m-k-1)D$ ......(ii)

समी (i) और (ii) को हल करने पर,

$\frac{a_{m+k} + a_{m-k}}{2} = A + (m-1)D = a_m$.

**30.** (c) $T_m = a + (m-1)d = \frac{1}{n}$

एवं $T_n = a + (n-1)d = \frac{1}{m}$

हल करने पर, $a = \frac{1}{mn}$ एवं $d = \frac{1}{mn}$

$\therefore T_{mn} = a + (mn-1)d = \frac{1}{mn} + (mn-1)\frac{1}{mn} = 1$.

**31.** (b) दी गई संख्यायें समान्तर श्रेणी में हैं

$\therefore 2\log_9(3^{1-x} + 2) = \log_3(4.3^x - 1) + 1$

$\Rightarrow 2\log_{3^2}(3^{1-x} + 2) = \log_3(4.3^x - 1) + \log_3 3$

$\Rightarrow \frac{2}{2}\log_3(3^{1-x} + 2) = \log_3[3(4.3^x - 1)]$

$\Rightarrow 3^{1-x} + 2 = 3(4.3^x - 1)$

$\Rightarrow \frac{3}{y} + 2 = 12y - 3$, जहाँ $y = 3^x$

$\Rightarrow 12y^2 - 5y - 3 = 0$

$\Rightarrow y = \frac{-1}{3}$ या $\frac{3}{4} \Rightarrow 3^x = \frac{-1}{3}$ या $3^x = \frac{3}{4}$

$\therefore x = \log_3(3/4) \Rightarrow x = 1 - \log_3 4$.

**32.** (d) $a + b + 4c - 4d + e$ का मान $a$ के पदों में ज्ञात करना संभव नहीं है।

**33.** (c) माना $S_n$ व $S'_n$ क्रमशः दो समान्तर श्रेणी के $n$ पदों के योग हैं एवं $T_{11}$ व $T'_{11}$ क्रमशः इनके 11वें पद हैं, तो

$$\frac{S_n}{S'_n} = \frac{\frac{n}{2}[2a + (n-1)d]}{\frac{n}{2}[2a' + (n-1)d']} = \frac{7n+1}{4n+27}$$

$$\Rightarrow \frac{a + \frac{(n-1)}{2}d}{a' + \frac{(n-1)}{2}d'} = \frac{7n+1}{4n+27}$$

अतः $n = 21$ रखने पर,

$\frac{a + 10d}{a' + 10d'} = \frac{T_{11}}{T'_{11}} = \frac{148}{111} = \frac{4}{3}$.

**नोट** : यदि दो समान्तर श्रेणी के $n$ पदों के योगों का अनुपात $n$ के पदों में दिया हों एवं उनके $p$वें पदों का अनुपात ज्ञात करना हो, तो $n = 2p - 1$ रखते हैं। यहाँ हमने $n = 11 \times 2 - 1 = 21$ रखा है।

**34.** (d) दी गयी श्रेणी है, $\frac{1}{2} + \frac{1}{3} + \frac{1}{6} + ........$

जहाँ $a = \frac{1}{2}$, सार्वअन्तर $d = -\frac{1}{6}$ और $n = 9$.

$\Rightarrow S_9 = \frac{9}{2}\left[2 \times \frac{1}{2} + (9-1)\left(-\frac{1}{6}\right)\right] = -\frac{3}{2}$.

**35.** (c) माना बहुभुज की भुजाओं की संख्या $n$ है।

अतः इसके अन्तः कोणों का योग $= (2n-4)\frac{\pi}{2} = (n-2)\pi$

चूँकि कोण समान्तर श्रेणी में हैं तथा $a = 120^o, d = 5$,

इसलिए $\frac{n}{2}[2 \times 120 + (n-1)5] = (n-2)180$

$\Rightarrow n^2 - 25n + 144 = 0 \Rightarrow (n-9)(n-16) = 0 \Rightarrow n = 9, 16$

परन्तु $n = 16$ से $T_{16} = a + 15d = 120^o + 15.5^o = 195^o$, जो कि असम्भव है क्योंकि कोई भी अन्तःकोण $180^o$ से अधिक नहीं होता है। अतः $n = 9$.

**36.** (c) चूँकि $T_p = a + (p-1)d = \frac{1}{q}$ .....(i)

एवं $T_q = a + (q-1)d = \frac{1}{p}$ .....(ii)

(i) व (ii) से, $a = \frac{1}{pq}$ एवं $d = \frac{1}{pq}$

$S = \frac{pq}{2}\left[\frac{2}{pq} + (pq-1)\frac{1}{pq}\right]$

$= \frac{pq}{2} \cdot \frac{2}{pq}\left[1 + \frac{1}{2}(pq-1)\right] = \left[\frac{2 + pq - 1}{2}\right] = \frac{pq+1}{2}$.

**नोट** : विद्यार्थी इस प्रश्न को सूत्र की तरह याद रखें।

**37.** (d) हम जानते हैं कि प्राकृत संख्यायें $1, 2, 3, 4, ........ n$ समान्तर श्रेणी में हैं।

अतः योगफल $= \frac{n}{2}[2 \times 1 + (n-1)1] = \frac{n}{2}(n+1)$.

**38.** (a) प्रथम पद $a = 2$ एवं सार्वअन्तर $d = 4$ एवं $n = 40$.

तब $S_n = \frac{n}{2}[2a + (n-1)d]$

$= 20[4 + 39 \times 4] = 20[4 + 156] = 160 \times 20 = 3200$.

**39.** (a, c) दी गई श्रेणी $S = 1 - 2 + 3 - 4 + 5 - 6.........$

**स्थिति I** : यदि $n$ विषम है, अर्थात् $2m + 1$ (माना)

इस स्थिति में धनात्मक पदों की संख्या

$= \frac{1}{2}(n+1) = \frac{1}{2}(2m + 1 + 1) = (m+1)$

एवं ऋणात्मक पदों की संख्या $= (2m+1) - (m+1) = m$

अतः योग $= [1 + 3 + 5 + ........ (m+1)$ पदों तक$]$

$-[2 + 4 + 6....... m$पदों तक$]$

$=\frac{1}{2}(m+1)[2+(m+1-1)2]-\frac{m}{2}[4+(m-1)2]$

$=(m+1)(m+1-m)=m+1=\frac{1}{2}(n+1)$.

**स्थिति II:** यदि $n$ सम है, तो

योगफल $=\left(1+3+5......\frac{n}{2}\text{पदों तक}\right)-\left(2+4+6....\frac{n}{2}\text{पदों तक}\right)$

$=\frac{1}{2}.\frac{n}{2}\left[2+\left(\frac{n}{2}-1\right)2\right]-\frac{1}{2}.\frac{n}{2}\left[4+\left(\frac{n}{2}-1\right)2\right]$

$=\frac{1}{4}n[n-(n+2)]=-\frac{n}{2}$.

**ट्रिक :** $n=3,4$ रखने पर,

$S_1=2, S_3=-2$, जो कि विकल्प (a) एवं (c) से प्राप्त होता है।

40. (c) प्रथम पद $A=a$ ......(i)

द्वितीय पद $A+d=b$ ......(ii)

एवं अन्तिम पद $l=2a$ ......(iii)

(i), (ii) व (iii) से, $d=(b-a)$ तथा $n=\frac{b}{b-a}$

अतः $S=\frac{n}{2}[a+l]=\frac{b}{2(b-a)}[a+2a]=\frac{3ab}{2(b-a)}$.

**ट्रिक :** माना $a=2, b=3$, तब योग$=9$ जो कि विकल्प (c) द्वारा दिया जाता है।

41. (c) माना $S_{\text{सम}}=2+4+6+8+........\infty$ .....(i)

एवं $S_{\text{विषम}}=1+3+5+7+9+.......\infty$ .....(ii)

योग $S_{\text{सम}}=\frac{n}{2}[4+(n-1)2]=\frac{n}{2}[2n+2]=\frac{n}{2}2(n+1)$

एवं $S_{\text{विषम}}=\frac{n}{2}[2+(n-1)2]=\frac{n}{2}(2n)$

अब $\frac{S_{\text{सम}}}{S_{\text{विषम}}}=\frac{n(n+1)}{n^2}$ या $S_{\text{सम}}:S_{\text{विषम}}=(n+1):n$.

42. (a) दिये अनुसार $a_2-a_1=a_3-a_2=.......=a_n-a_{n-1}=d$, जहाँ $d$ समान्तर श्रेणी का सार्वअन्तर है एवं

$a_n=a_1+(n-1)d$

अतः प्रत्येक पद का परिमेयीकरण करने पर,

$\frac{1}{\sqrt{a_2}+\sqrt{a_1}}+\frac{1}{\sqrt{a_3}+\sqrt{a_2}}+....+\frac{1}{\sqrt{a_n}+\sqrt{a_{n-1}}}$

$=\frac{\sqrt{a_2}-\sqrt{a_1}}{a_2-a_1}+\frac{\sqrt{a_3}-\sqrt{a_2}}{a_3-a_2}+.....+\frac{\sqrt{a_n}-\sqrt{a_{n-1}}}{a_n-a_{n-1}}$

$=\frac{1}{d}\left\{\sqrt{a_2}-\sqrt{a_1}+\sqrt{a_3}-\sqrt{a_2}+......+\sqrt{a_n}-\sqrt{a_{n-1}}\right\}$

$=\frac{1}{d}\left\{\sqrt{a_n}-\sqrt{a_1}\right\}=\frac{1}{d}\left(\frac{a_n-a_1}{\sqrt{a_n}+\sqrt{a_1}}\right)$

$=\frac{1}{d}\left\{\frac{(n-1)d}{\sqrt{a_n}+\sqrt{a_1}}\right\}=\frac{n-1}{\sqrt{a_n}+\sqrt{a_1}}$.

43. (b) दिये अनुसार, $d=a_2-a_1=a_3-a_2=....=a_n-a_{n-1}$

$\therefore \sin d\{\text{cosec }a_1\text{cosec }a_2+.....+\text{cosec }a_{n-1}\text{cosec }a_n\}$

$=\frac{\sin(a_2-a_1)}{\sin a_1.\sin a_2}+......+\frac{\sin(a_n-a_{n-1})}{\sin a_{n-1}\sin a_n}$

$=(\cot a_1-\cot a_2)+(\cot a_2-\cot a_3)+....$

$+(\cot a_{n-1}-\cot a_n)$

$=\cot a_1-\cot a_n$.

44. (b) दी गयी श्रेणी है, $2+5+8+11+.......$

तथा $a=2, d=3$. माना पदों की संख्या $n$ है, तब

समान्तर श्रेणी के $n$ पदों का योग $=\frac{n}{2}\{2a+(n-1)d\}$

$\Rightarrow 60100=\frac{n}{2}\{2\times2+(n-1)3\}\Rightarrow 120200=n(3n+1)$

$\Rightarrow 3n^2+n-120200=0\Rightarrow(n-200)(3n+601)=0$

अतः $n=200$.

45. (b) श्रेणी 3, 6, 9, 12, ........ 99

जहाँ $n=\frac{99}{3}=33, a=3, d=3$

अतः $S=\frac{33}{2}\{2\times3+(33-1)3\}$

$=\frac{33}{2}\times102=33\times51=1683$.

46. (c) $1+3+5+7+..........$ $n$ पदों तक

$\Rightarrow S_n=\frac{n}{2}\{2\times1+(n-1)2\}=n^2$.

47. (a) प्रश्नानुसार, $513=\frac{n}{2}\{2\times54+(n-1)(-3)\}$

$\Rightarrow 1026=n(111-3n)\Rightarrow 3n^2-111n+1026=0$

$\Rightarrow(3n-57)(n-18)=0$

अतः $n=18$.

48. (a) दिया है, $S_n=2n^2+5n$

$n=1, 2, 3, ..........$, रखने पर, $S_1=2\times1+5\times1=7$

$S_2=2\times4+10=8+10=18, S_3=18+15=33$

अतः $T_1=S_1=a=7, T_2=S_2-S_1=18-7=11$,

$T_3=S_3-S_2=33-18=15$

अतः श्रेणी $7, 11, 15, ........$ है।

अब, $n$ वाँ पद $=a+(n-1)d=7+(n-1)4=4n+3$.

**वैकल्पिक :** जैसा कि हमें ज्ञात है, $T_n=S_n-S_{n-1}$

$=(2n^2+5n)-\{2(n-1)^2+5(n-1)\}$

$=2n^2+5n-2n^2+4n-2-5n+5=4n+3$.

49. (d) यहाँ $T_n=3n-1, n=1, 2, 3, 4, 5$ रखने पर, प्रथम पाँच पद $2, 5, 8, 11, 14$ होंगे।

अतः, योगफल $=2+5+8+11+14=40$.

**वैकल्पिक :** $S_n=\Sigma T_n=3\Sigma n-\Sigma 1=\frac{3n(n+1)}{2}-n$

$\Rightarrow S_5=\frac{3.5.6}{2}-5=40$.

50. (c) दिया गया है, प्रथम पद $a=10$, अंतिम पद $l=50$ एवं योग $S=300$

$\therefore S=\frac{n}{2}(a+l)\Rightarrow 300=\frac{n}{2}(10+50)\Rightarrow n=10$.

51. (a) श्रेणी का $n$ वाँ पद $=20+(n-1)\left(-\frac{2}{3}\right)$

महत्तम योग के लिए, $n$ वाँ पद $\geq 0$

$\Rightarrow 20+(n-1)\left(-\frac{2}{3}\right)\geq 0 \Rightarrow n\leq 31$

अतः 31 पदों का योगफल महत्तम है तथा

योगफल $=\frac{31}{2}\left[40+30\times\left(-\frac{2}{3}\right)\right]=310$ .

**52.** (a) श्रेणी $108+117+........+999$ समान्तर श्रेणी में हैं, जहाँ $a=108$ , सार्वअन्तर $d=9$ ,

$n=\frac{999}{9}-\frac{99}{9}=111-11=100$

अतः योगफल $=\frac{100}{2}(108+999)=50\times 1107=55350$ .

**53.** (c) दिया गया है, $\frac{\frac{m}{2}[2a+(m-1)d]}{\frac{n}{2}[2a+(n-1)d]}=\frac{m^2}{n^2}$

$\Rightarrow \frac{2a+(m-1)d}{2a+(n-1)d}=\frac{m}{n}\Rightarrow \frac{a+\frac{1}{2}(m-1)d}{a+\frac{1}{2}(n-1)d}=\frac{m}{n}$

$\Rightarrow an+\frac{1}{2}(m-1)nd=am+\frac{1}{2}(n-1)md$

$\Rightarrow a(n-m)+\frac{d}{2}[mn-n-mn+m]=0$

$\Rightarrow a(n-m)+\frac{d}{2}(m-n)=0\Rightarrow a=\frac{d}{2}$ और $d=2a$

$\therefore$ अभीष्ट अनुपात $\frac{T_m}{T_n}=\frac{a+(m-1)d}{a+(n-1)d}=\frac{a+(m-1)2a}{a+(n-1)2a}$

$=\frac{1+2m-2}{1+2n-2}=\frac{2m-1}{2n-1}$ .

**ट्रिक** : $m$ को $2m-1$ से व $n$ को $2n-1$ से प्रतिस्थापित करें, स्पष्टतः यदि $S_m$ द्विघातीय है, तब $T_m$ एक घातीय अर्थात् रेखीय होगा।

**54.** (c) दिया गया अनुक्रम है,

$\log a+\log\left(\frac{a^2}{b}\right)+\log\left(\frac{a^3}{b^2}\right)+\log\left(\frac{a^4}{b^3}\right)+......+\log\left(\frac{a^n}{b^{n-1}}\right)$

यह समान्तर श्रेणी है जिसका प्रथम पद $\log a$ तथा सार्वअन्तर $=\log\left(\frac{a^2}{b}\right)-\log a=\log\left(\frac{a}{b}\right)$ है

अतः $n$ पदों का योगफल $=$

$\frac{n}{2}\left[\log a+\log\left(\frac{a^n}{b^{n-1}}\right)\right]=\frac{n}{2}\log\left(\frac{a^{n+1}}{b^{n-1}}\right)$.

**ट्रिक** : $n=1, 2$ के लिए निरीक्षण करें।

**55.** (a) $(x+1)+(x+4)+.........+(x+28)=155$

यदि L.H.S. में समान्तर श्रेणी के पदों की संख्या $n$ है, तब $x+28=(x+1)+(n-1)3\Rightarrow n=10$

$\therefore (x+1)+(x+4)+......+(x+28)=155$

$\Rightarrow \frac{10}{2}[(x+1)+(x+28)]=155\Rightarrow x=1$ .

**56.** (c) दी गयी संख्यायें 13, 17, .....97 हैं, जो कि प्रथम पद 13 तथा सार्वअन्तर 4 वाली एक समान्तर श्रेणी है। यदि पदों की संख्या $n$ है, तब

$97=13+(n-1)4\Rightarrow 4n=88\Rightarrow n=22$

अतः संख्याओं का योगफल

$=\frac{22}{2}[13+97]=11(110)=1210$ .

**57.** (c) $S_{2n}-S_n=\frac{2n}{2}\{2a+(2n-1)d\}-\frac{n}{2}\{2a+(n-1)d\}$

$=\frac{n}{2}\{4a+4nd-2d-2a-nd+d\}=\frac{n}{2}\{2a+(3n-1)d\}$

$=\frac{1}{3}.\frac{3n}{2}\{2a+(3n-1)d\}=\frac{1}{3}S_{3n}$ .

**58.** (d) $\log_{\sqrt{3}}x+\log_{\sqrt[4]{3}}x+\log_{\sqrt[6]{3}}x+......+\log_{\sqrt[16]{3}}x=36$

$\Rightarrow \frac{1}{\log_x\sqrt{3}}+\frac{1}{\log_x\sqrt[4]{3}}+\frac{1}{\log_x\sqrt[6]{3}}+...+\frac{1}{\log_x\sqrt[16]{3}}=36$

$\Rightarrow \frac{1}{(1/2)\log_x 3}+\frac{1}{(1/4)\log_x 3}+\frac{1}{(1/6)\log_x 3}+..........$

$..........+\frac{1}{(1/16)\log_x 3}=36$

$\Rightarrow (\log_3 x)(2+4+6+.....+16)=36$

$\Rightarrow (\log_3 x)\frac{8}{2}[2+16]=36\Rightarrow \log_3 x=\frac{1}{2}$

$\Rightarrow x=3^{1/2}\Rightarrow x=\sqrt{3}$ .

**59.** (a) $\frac{S_{kn}}{S_n}=\frac{(kn/2)\{2a+(kn-1)d\}}{(n/2)\{2a+(n-1)d\}}=k\left\{\frac{(2a-d)+knd}{(2a-d)+nd}\right\}$

अर्थात्, यदि $2a-d=0$ , तो $\frac{k^2nd}{nd}=k^2$ जो कि $n$ से स्वतंत्र है।

**60.** (a) $n=1,2,3,.....$ रखने पर,

श्रेणी का प्रथम पद $a=\frac{1}{x}+y$ तथा द्वितीय पद $=\frac{2}{x}+y$

$\therefore d=\left(\frac{2}{x}+y\right)-\left(\frac{1}{x}+y\right)=\frac{1}{x}$

श्रेणी के $r$ पदों का योग

$=\frac{r}{2}\left[2\left(\frac{1}{x}+y\right)+(r-1)\frac{1}{x}\right]=\frac{r}{2}\left[\frac{2}{x}+2y+\frac{r}{x}-\frac{1}{x}\right]$

$=\frac{r^2-r+2r}{2x}+ry=\left[\frac{r(r+1)}{2x}+ry\right]$.

**61.** (d) माना $S=1+2+3+..........+100$

$=\frac{100}{2}(1+100)=50(101)=5050$

माना $S_1=3+6+9+12+.........+99$

$=3(1+2+3+4+.........+33)$

$=3.\frac{33}{2}(1+33)=99\times 17=1683$

माना $S_2=5+10+15+........+100$

$=5(1+2+3+........+20)$

$= 5.\frac{20}{2}(1+20) = 50\times 21 = 1050$

माना $S_3 = 15+30+45+........+90$

$= 15(1+2+3+........+6)$

$= 15.\frac{6}{2}(1+6) = 45\times 7 = 315$

$\therefore$ अभीष्ट योग $= S - S_1 - S_2 + S_3$

$= 5050 - 1683 - 1050 + 315 = 2632.$

62. (c) माना प्रथम तीन पद $a-d, a$ और $a+d$ हैं।

अतः $(a-d)+(a+d) = 12 \Rightarrow 2a = 12$

$\Rightarrow a = 6$ एवं $(a-d)a = 24$

$\Rightarrow 6(6-d) = 24 \Rightarrow d = 2$

$\therefore$ प्रथम पद $= a - d = 6 - 2 = 4$.

63. (c) दिया गया है, $\frac{2n}{2}\{2.2+(2n-1)3\} = \frac{n}{2}\{2.57+(n-1)2\}$

$2(6n+1) = 112 + 2n$ या $10n = 110$, $\therefore n = 11$.

64. (d) 250 से 1000 तक की संख्याएँ जो 3 से विभाजित हों, क्रमशः 252, 255, .........., 999 होंगी।

$\therefore T_n = 999 = 252 + (n-1)3 \Rightarrow 333 = 84 + n - 1$

$\Rightarrow n = 250$

$\therefore S = \frac{n}{2}[a+l] = \frac{250}{2}[252+999]$

$= 125\times 1251 = 156375$.

65. (b) समान्तर श्रेणी का 7वाँ पद $= 40$

$\therefore a + 6d = 40$

$S_{13} = \frac{13}{2}[2a+(13-1)d] = \frac{13}{2}[2(a+6d)]$

$= \frac{13}{2}.2.40 = 520$.

66. (d) $a_1, a_2, a_3, ......., a_{n+1}$ समान्तर श्रेणी में हैं

एवं सार्वअनुपात $= d$

माना $S = \frac{1}{a_1a_2} + \frac{1}{a_2a_3} + .......... + \frac{1}{a_na_{n+1}}$

$\Rightarrow S = \frac{1}{d}\left\{\frac{d}{a_1a_2} + \frac{d}{a_2a_3} + ...... + \frac{d}{a_n\, a_{n+1}}\right\}$

$\Rightarrow S = \frac{1}{d}\left\{\frac{a_2-a_1}{a_1a_2} + \frac{a_3-a_2}{a_2a_3} + ...... + \frac{a_{n+1}-a_n}{a_n\, a_{n+1}}\right\}$

$\Rightarrow S = \frac{1}{d}\left\{\frac{1}{a_1} - \frac{1}{a_2} + \frac{1}{a_2} - \frac{1}{a_3} + ....... + \frac{1}{a_n} - \frac{1}{a_{n+1}}\right\}$

$\Rightarrow S = \frac{1}{d}\left\{\frac{1}{a_n} - \frac{1}{a_{n+1}}\right\} = \frac{1}{d}\left\{\frac{a_{n+1}-a_1}{a_1a_{n+1}}\right\}$

$\Rightarrow S = \frac{1}{d}\left(\frac{nd}{a_1a_{n+1}}\right) = \frac{n}{a_1a_{n+1}}$.

67. (b) $T_2 = S_2 - S_1$

$= 5(2)^2 + 2(2) - \{5(1)^2 + 2(1)\} = 24 - 7 = 17$.

68. (a) चूँकि $a_1, a_2, a_3, ........., .., a_n$ एक समान्तर श्रेणी है। अतः

$a_2 - a_1 = a_4 - a_3 = ....... = a_{2n} - a_{2n-1} = d$

$\therefore a_1^2 - a_2^2 + a_3^2 - a_4^2 + ....... + a_{2n-1}^2 - a_{2n}^2$

$= (a_1-a_2)(a_1+a_2) + (a_3-a_4)(a_3+a_4) + ........$

$...... + (a_{2n-1} - a_{2n})(a_{2n-1} + a_{2n})$

$= -d(a_1 + a_2 + ....... + a_{2n}) = -d\left\{\frac{2n}{2}(a_1 + a_{2n})\right\}$

एवं हम जानते हैं कि $a_{2n} = a_1 + (2n-1)d \Rightarrow d = \frac{a_{2n}-a_1}{2n-1}$

$\Rightarrow -d = \frac{a_1 - a_{2n}}{2n-1}$.

$\therefore$ योगफल$= \frac{n(a_1-a_{2n}).(a_1+a_{2n})}{2n-1} = \frac{n}{2n-1}(a_1^2 - a_{2n}^2)$ है।

69. (b) स्पष्टतः, $164 = (3m^2+5m) - \{3(m-1)^2 + 5(m-1)\}$

$\Rightarrow 164 = (3m^2+5m) - 3m^2 + 6m - 3 - 5m + 5$

$\Rightarrow 164 = 6m + 2 \Rightarrow m = 27$.

70. (d) स्पष्टतः, $S_n = \frac{n}{2}\{2P + (n-1)Q\}$, अतः $d = Q$.

**वैकल्पिक :** $d = T_2 - T_1 = (S_2 - S_1) - S_1$

$= S_2 - 2S_1 = 2P + Q - 2P = Q$.

71. (b) $S_{2n} = 3S_n$

$\Rightarrow \frac{2n}{2}\{2a + (2n-1)d\} = 3.\frac{n}{2}\{2a+(n-1)d\}$

$\Rightarrow 2a = (n+1)d$

अतः $2a = (n+1)d$ को $\frac{S_{3n}}{S_n}$ में रखने पर, इसका मान 6 प्राप्त होता है।

72. (d) $S_{2p+1} = \frac{2p+1}{2}\{2(p^2+1) + (2p+1-1)1\}$

$= \left(\frac{2p+1}{2}\right)(2p^2 + 2p + 2) = (2p+1)(p^2+p+1)$

$= p^3 + (p+1)^3$.

73. (b) $11 + (11+d) + (11+2d) + (11+3d) = 56 \Rightarrow d = 2$

और $\{11+(n-1)2\} + \{11+(n-2)2\}$

$+\{11+(n-3)2\} + \{11+(n-4)2\} = 112$

$\Rightarrow n = 11$.

74. (d) $S = \frac{n}{2}[2a + (n-1)d]$

$\Rightarrow 406 = \frac{n}{2}[6+(n-1)4] \Rightarrow 812 = n[6+4n-4]$

$\Rightarrow 812 = 2n + 4n^2 \Rightarrow 406 = 2n^2 + n$

$\Rightarrow 2n^2 + n - 406 = 0$

$\Rightarrow n = \frac{-1\pm\sqrt{1+4.2.406}}{2.2} = \frac{-1\pm\sqrt{3249}}{4} = \frac{-1\pm 57}{4}$

(+) चिन्ह लेने पर $n = \frac{-1+57}{4} = 14$.

75. (b) प्रश्नानुसार, $\frac{15}{2}[10 + 14\times d] = 390 \Rightarrow d = 3$

अतः मध्य पद, अर्थात् 8 वाँ पद $= 5 + 7\times 3 = 26$.

76. (a) प्रश्नानुसार,

$\frac{10}{2}\{2a + (10-1)d\} = 4\left[\frac{5}{2}[2a + (5-1)d]\right]$

$\Rightarrow 2a+9d=4a+8d$ या $\frac{a}{d}=\frac{1}{2}$

अतः $a:d=1:2$ .

**77.** (b) माना समान्तर श्रेणी की तीन संख्यायें $a-d, a, a+d$ हैं।

योगफल $= a-d+a+a+d=18$

एवं वर्गों का योग $(a-d)^2+a^2+(a+d)^2=58$

$\therefore a=6$ एवं $(6-d)^2+36+(6+d)^2=158$

$\Rightarrow 36+d^2+36+d^2=122 \Rightarrow 2d^2+72=122$

$\Rightarrow 2d^2=50 \Rightarrow d=5$

$\therefore$ तीनों संख्यायें 1, 6, 11 हैं। अतः अधिकतम संख्या = 11.

**78.** (a) $\frac{3+5+7+.... \text{ ...... n पदों तक}}{5+8+11+......10 \text{ पदों तक}}=7$

$\Rightarrow \frac{\frac{n}{2}[6+(n-1)2]}{\frac{10}{2}[10+(10-1)3]}=7 \Rightarrow \frac{n(2n+4)}{10\times 37}=7$

$\Rightarrow n^2+2n-1295=0 \Rightarrow (n+37)(n-35)=0$

अतः $n=35$ .

**79.** (b) यहाँ $\frac{1}{3}, A_1, A_2, \frac{1}{24}$ समान्तर श्रेणी में होंगे,

$\therefore A_1-\frac{1}{3}=\frac{1}{24}-A_2 \Rightarrow A_1+A_2=\frac{3}{8}$ ......(i)

अब चूँकि $A_1, \frac{1}{3}$ व $A_2$ का समान्तर माध्य है।

अतः $2A_1=\frac{1}{3}+A_2 \Rightarrow 2A_1-A_2=\frac{1}{3}$ ......(ii)

(i) व (ii) से, $A_1=\frac{17}{72}$ और $A_2=\frac{5}{36}$.

**वैकल्पिक** : सूत्र $A_m=a+\frac{m(b-a)}{n+1}$

जहाँ $n=2, a=\frac{1}{3}, b=\frac{1}{24}$

$\therefore A_1=\frac{1}{3}+\frac{-7/24}{3}=\frac{17}{72}$

$A_2=\frac{1}{3}+\frac{-14/24}{3}=\frac{10}{72}=\frac{5}{36}$.

**80.** (c) $\frac{a^{n+1}+b^{n+1}}{a^n+b^n}=\frac{a+b}{2}$

$\Rightarrow a^{n+1}-ab^n+b^{n+1}-ba^n=0 \Rightarrow (a-b)(a^n-b^n)=0$

यदि $a^n-b^n=0$ , तब $\left(\frac{a}{b}\right)^n=1=\left(\frac{a}{b}\right)^0$ . अतः $n=0$ .

**81.** (d) माना कि अभीष्ट संख्यायें $a$ व $b$ हैं

अतः, प्रश्नानुसार $a=\frac{1}{b}$ एवं $\frac{a+b}{2}=\frac{13}{12}$

$\Rightarrow a+b=\frac{13}{6} \Rightarrow a+\frac{1}{a}=\frac{13}{6} \Rightarrow 6a^2-13a+6=0$

$\Rightarrow \left(a-\frac{3}{2}\right)\left(a-\frac{2}{3}\right)=0 \Rightarrow a=\frac{3}{2}$ एवं $b=\frac{2}{3}$

या $a=\frac{2}{3}$ एवं $b=\frac{3}{2}$.

**ट्रिक** : विकल्पों (a), (b), (c), (d) का समान्तर माध्य एक के बाद एक निकालें।

**82.** (a) माना दो राशियाँ $a$ व $b$ हैं तथा $A_1, A_2......., A_n$ इनके बीच में $n$ समान्तर माध्य हों, तो $a, A_1, A_2,......, A_n, b$ समान्तर श्रेणी में होंगे। माना सार्वअन्तर $d$ है

अब, $T_{n+2}=b=a+(n+2-1)d \Rightarrow d=\frac{b-a}{n+1}$

तथा $A_1+A_2+......+A_n=S_{n+1}-a$

$=\frac{1}{2}(n+1)\left[2a+(n+1-1)\frac{(b-a)}{(n+1)}\right]-a$

$=\frac{n}{2}[2a+(b-a)]=\frac{n}{2}(a+b)=n\left(\frac{a+b}{2}\right)=nA$ .

**नोट** : विद्यार्थी इस प्रश्न को सूत्र की तरह याद रखें।

**83.** (b) समान्तर माध्य $=\frac{1+2+3+......+n}{n}=\frac{\frac{1}{2}n(n+1)}{n}=\frac{n+1}{2}$.

**84.** (a) $a$ व $b$ के बीच $n$ समान्तर माध्यों का योग $=\frac{n}{2}(a+b)$.

**वैकल्पिक** : हम जानते हैं, कि $A_1+A_2+......+A_n=nA$ , जहाँ $A=\frac{a+b}{2}$.

**85.** (b) परिणामी श्रेणी का प्रथम पद 2 तथा अन्तिम पद 38 तथा पदों की संख्या $n+2$ है। इसलिए श्रेणी का योगफल

$=\frac{n+2}{2}(2+38)=20(n+2)$.

संकल्पना द्वारा, $20(n+2)=200 \Rightarrow n=8$ .

**86.** (b) समांतर माध्य $=\frac{a+(a+nd)+(a+2nd)}{3}$

$=\frac{3a+3nd}{3}=a+nd$ .

**87.** (c) माना $x+y=u, x-y=v$

$\Rightarrow x=\frac{u+v}{2}, y=\frac{u-v}{2}$

$\therefore \frac{f(x,y)+f(y,x)}{2}=\frac{\frac{u+v}{2}.\frac{u-v}{2}+f\left(\frac{u+v}{2}.\frac{v-u}{2}\right)}{2}=0$ .

**88.** (b) चूँकि $\log 2, \log(2^n-1)$ तथा $\log(2^n+3)$ समान्तर श्रेणी में हैं, अतः $2\log(2^n-1)=\log 2+\log(2^n+3)$

$\Rightarrow (2^n-5)(2^n+1)=0$

परन्तु $2^n$ ऋणात्मक नहीं हो सकता है

अतः $2^n-5=0 \Rightarrow 2^n=5$ या $n=\log_2 5$ .

**89.** (b) माना चार संख्यायें $a-3d, a-d, a+d, a+3d$ हैं

अब $(a-3d)+(a+3d)=8 \Rightarrow a=4$

तथा $(a-d)(a+d)=15 \Rightarrow a^2-d^2=15 \Rightarrow d=1$

अतः अभीष्ट संख्यायें 1, 3, 5, 7 हैं तथा महत्तम संख्या 7 है।

**90.** (c) माना त्रिभुज की भुजाएँ $a-d, a, a+d$ हैं, तो इसका कर्ण $a+d$ होगा, जो कि स्पष्टतः महत्तम भुजा होगी।

अतः, $(a+d)^2=a^2+(a-d)^2$

$\Rightarrow a^2+d^2+2ad=a^2+a^2-2ad+d^2 \Rightarrow a=4d$

अतः भुजाओं का अनुपात $=a-d:a:a+d$

$=(4d-d):4d:(4d+d)=3:4:5$ .

**91.** (a) माना तीन संख्यायें $a+d, a, a-d$ हैं।

अतः, $a+d+a+a-d=33 \Rightarrow a=11$

$a(a+d)(a-d)=792 \Rightarrow 11(121-d^2)=792 \Rightarrow d=7$

तब अभीष्ट संख्यायें 4, 11, 18 होंगी

अतः न्यूनतम संख्या 4 है।

**92.** (c) $a, b, c, d, e, f$ समान्तर श्रेणी में हैं

अतः $b-a=c-b=d-c=e-d=f-e=K$, जहाँ $K$ सार्वअन्तर है।

अब, $d-c=e-d \Rightarrow e+c=2d$

$e-c+2c=2d \Rightarrow e-c=2(d-c)$.

**ट्रिक** : $a=1, b=2, c=3, d=4, e=5$ एवं $f=6$ रखकर निरीक्षण करें।

**93.** (b) माना तीन संख्यायें $a-d, a, a+d$ हैं।

अतः, $a-d+a+a+d=15 \Rightarrow a=5$

एवं $(a-d)^2+a^2+(a+d)^2=83$

$\Rightarrow a^2+d^2-2ad+a^2+a^2+d^2+2ad=83$

$\Rightarrow 2(a^2+d^2)+a^2=83$

$a=5$ रखने पर,

